झारखण्ड देखो
Jharkhand Dekho
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition
www.jharkhanddekho.com • वर्ष 01 • अंक 245 • पृष्ठ 6 • रविवार 12 सितंबर 2021 Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित
सतन आश्रम रामगोपाल शर्मा
गुरुकुलम
आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य
नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।
कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक
माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी
(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)
कम्प्यूटर
मध्यान भोजन
प्रयोगशाला
फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था
सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।

● स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया ● सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 ● www.rgsgurukulam.com

गुजरात के सीएम का इस्तीफा

विधानसभा चुनाव से 15 महीने पहले विजय रूपाणी ने मुख्यमंत्री पद छोड़ा

अहमदाबाद/एजेंसी।

गुजरात में विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वह राज्यपाल से मिलने पहुंचे और अपना इस्तीफा उन्हें सौंप दिया। इसके बाद गुजरात में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। बता दें कि रूपाणी ने विधानसभा चुनाव से 15 महीने पहले यह बड़ा फैसला लिया। राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने के बाद विजय रूपाणी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूपाणी कुछ देर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

इस्तीफे के बाद रूपाणी ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा, मैंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में पार्टी संगठन में काम करने की अपनी इच्छा के बारे में शीर्ष नेतृत्व को बता दिया है। भाजपा प्रेक्षक यहां (गांधीनगर) आए थे और पार्टी जल्द ही नए मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला करेगी। गौरतलब है कि गुरुवार रात को ही गृह मंत्री अमित शाह निजी दौरे पर गुजरात के अहमदाबाद पहुंचे थे। एक भाजपा नेता ने दावा किया था कि वे शुक्रवार सुबह ही दिल्ली भी लौट गए। उनके गुजरात पहुंचने पर कोई कार्यक्रम नहीं किया गया, न ही पार्टी या सरकारी स्तर पर उनकी किसी से मिलने की योजना सामने आई।

● 2016 में सीएम बने थे रूपाणी

रूपाणी ने सात अगस्त 2016 को पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके बाद 2017 में राज्य में विधानसभा चुनाव हुए थे। इसमें भाजपा ने बहुमत हासिल कर सरकार बनाई थी। भाजपा ने गुजरात में 182 सीटों में से 99 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया था। विधानमंडल दल की बैठक में रूपाणी को विधायक दल का नेता और नितिन पटेल को उपनेता चुना गया था। रूपाणी ने 26 दिसंबर 2017 को दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

● नए सीएम की रेस में चार नाम

जानकारी के मुताबिक, रूपाणी के इस्तीफे के बाद राज्य में नए मुख्यमंत्री को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। अब तक चार नाम सीएम पद के लिए सामने आए हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया, नितिन पटेल, सीआर पाटिल और पुरषोत्तम रुपाला शामिल हैं। हालांकि, इस संबंध में भाजपा से जुड़े सूत्रों ने कुछ भी कहने से साफ इनकार कर दिया।

संक्षिप्त समाचार

नीरज चोपड़ा का एक और सपना पूरा: माता-पिता को पहली बार कराई हवाई सैर



नयी दिल्ली। टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाले भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा का एक और सपना पूरा हो गया है। भाला फेंक में भारत को पहला ओलंपिक पदक दिलाने वाले नीरज ने शनिवार को ट्वीट कर अपनी खुशी जाहिर की। नीरज ने एक चार्टर्ड फ्लाइट में अपने माता-पिता के साथ तस्वीर साझा की। उन्होंने तस्वीर शेयर करने के साथ उसके कैप्शन में लिखा, 'आज जिंदगी का एक सपना पूरा हुआ जब अपने मां-पापा को पहली बार फ्लाइट पर बैठा पाया। सभी की दुआ और आशिर्वाद के लिए हमेशा आभारी रहूंगा।'बता दें कि टोक्यो से लौटने के बाद नीरज की व्यस्तता बढ़ गई है। वे लगातार अलग-अलग जगह पर सम्मान कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।

सुविचार

जब मैंने ईश्वर से खुशी मांगी, तो उसने मुझे कुछ दुखी लोगों को दिखाया।
● **स्वामी विवेकानंद**

बिज़नेस

बीएसई सेंसेक्स
58,305.07+54.81 (0.094%)
निफ्टी 50
17,369.25+15.75 (0.091%)

दैनिक पंचांग

तिथिः षष्ठी - 05:20 पी एम तक
नक्षत्रः विशाखा - 09:50 ए एम तक
योगः वैधृति - 11:44 ए एम तक
करणः कौलव - 06:28 ए एम तक
द्वितीय करणः तैतिल - 05:20 पी एम तक
पक्षः शुक्ल पक्ष
वारः रविवार

तालिबान की नई समावेशी सरकार को लेकर टेंशन में भारत : जयशंकर

नई दिल्ली/एजेंसी

अफगानिस्तान संकट और तालिबान के अधिग्रहण के बाद भारत की ओर से पहले बयान में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत अफगानिस्तान में सैन्य समूह द्वारा बनाई जाने वाली नई समावेशी सरकार को लेकर चिंतित है। जयशंकर की यह टिप्पणी शनिवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया की 2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान आई। जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मारिस पायने और रक्षा मंत्री पीटर डटन के साथ बातचीत की। दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि अफगानिस्तान की स्थिति एक केंद्रीय चिंता का विषय है। मंत्रियों ने पूर्वी और दक्षिण चीन सागर पर विचारों के साथ-साथ एक स्वतंत्र, खुले और सुरक्षित हिन्द-प्रशांत क्षेत्र पर भी चर्चा की। नई तालिबान सरकार में समावेशिता पर जयशंकर के बयान को लेकर पायने ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया भी अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति के बारे में चिंतित है।

SAICARE FOUNDATION
• Helping • Healing • Caring
We Always Believe In Help You In Any Way

THE VALUABLE OPPORTUNITY TO MAKE BUSINESS PERFECT
Admission Guidence
MBBS PHARMACY NURSING DIP. ENG (BIT MESRA) B.TECH
MBA LLB GRADUATION MASTERS PARA MEDICAL
Contact for any type of career and business consultancy & counselling
Private Ltd. Company. Registration
One Person Company. Registration
Sole Propietorship Registration
Startup India Registration
Partnership Firm Registration
US Incorporation Registration
UK Incorporation Registration
Dubai Incorporation Registration
Digital Signature
ISO Certification
MSME/SSI
FSSAI
IEC
EPF/ESI
GST
Trade Mark
& Many More....
Call Us: +91 8789416227
Time : 10:00 am to 2:00 pm

भाजपा को जनाधार वाले नेताओं की तलाश

उत्तराखंड-कर्नाटक-गुजरात के बाद अब मप्र, हरियाणा, त्रिपुरा पर नजर

नयी दिल्ली/एजेंसी। उत्तराखंड में दो बार नेतृत्व परिवर्तन के बाद कर्नाटक और अब गुजरात में बदलाव। इसकी पटकथा पिछले साल हरियाणा, झारखंड और कई अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद ही लिख ली गई थी। लोकसभा का वोट प्रतिशत विधानसभा चुनाव में बरकरार न रहने से चिंतित भाजपा नेतृत्व ने अलग-अलग राज्यों की समीक्षा कर जरूरत पड़ने पर नेतृत्व परिवर्तन की रणनीति बनाई थी। इसी के तहत उत्तराखंड, कर्नाटक के बाद अब गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को इस्तीफा देना पड़ा। पार्टी के उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है कि यही फार्मूला चरणबद्ध तरीके से हरियाणा, त्रिपुरा और मध्य प्रदेश में भी आजमाया जाएगा। यही नहीं जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है, वहां संगठन में बदलाव किया जाएगा। पार्टी नेतृत्व को इन राज्यों में जातिगत समीकरण में फिट बैठने और जनाधार वाले नेताओं की तलाश है। दरअसल 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी नेतृत्व ने विभिन्न राज्यों में नया नेतृत्व उभारने का दांव चला। इस क्रम में हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों में नेतृत्व ने नए चेहरों पर दांव लगाया।

जिंदगी की जंग हार गई मुंबई की 'निर्भया'

मुंबई/एजेंसी।

मुख्यमंत्री ठाकरे ने साकीनाका रेप केस का ट्रायल फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने का आदेश दिया है। सीएम ने कहा कि मुंबई के साकीनाका क्षेत्र में एक महिला के साथ बलात्कार और उसके बाद उसकी मौत मानवता का बड़ा अपमान है। इसके दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में सीएम ने इस मामले पर एक महीने के अंदर चार्जशीट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

इस बैठक में उद्धव ने कहा कि मुंबई को सुरक्षित शहर के रूप में देखा जाता है। ये छवि खराब न हो इसीलिए पुलिस को और ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है। सीएम ने शहर में पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर पुलिस स्टेशन में महिला अधिकारियों का समावेश होने वाले

● फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा केस : सीएम

निर्भया पथक ने महिलाओं के लिए असुरक्षित ऐसे हॉटस्पॉट्स निश्चित की जाए। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उद्धव ने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से रास्ते पर रहने वाली अकेली महिलाओं को किसी सुरक्षित जगह पर रखा जाए।

सेफ सिटी इंडेक्स (2021) में देश की दूसरी सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली मुंबई में रेप के बाद मारपीट का शिकार हुई महिला की करीब 30 घंटे बाद हॉस्पिटल में मौत हो गई है। आरोपी ने रेप के बाद महिला के प्राइवेट पार्ट पर रॉड से गंभीर रूप से हमला किया था। पीड़ित महिला का मुंबई के राजावाड़ी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। मुंबई पुलिस ने आरोपी को कुछ देर पहले अदालत में पेश किया, जहां से अदालत ने उन्हें 10 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजने का आदेश दिया है। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक घटना गुरुवार रात 2.30 से 3 बजे के बीच हुई है। इसमें नजर आ रहा है कि आरोपी रेप के बाद महिला को रॉड से बुरी तरह से घायल करता है। फिर उसे अधमरी हालत में एक पिकअप वैन में फेंक कर फरार हो जाता है। हालांकि अंधेरी रात होने के कारण फुटेज बहुत साफ नहीं है, लेकिन आरोपी की हरकत साफ पता चल रही है।

आवश्यकता
झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी जिलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136

देश में पहली बार ड्रोन से होगी दवाओं की सप्लाई

हैदराबाद/एजेंसी।

'मेडिसिन फ्रॉम द स्काई' प्रोजेक्ट तेलंगाना में शनिवार को शुरू किया गया। इस दौरान केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी वहां मौजूद रहे। सिंधिया ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए दवाओं और वैक्सीन की डिलीवरी की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर तेलंगाना के 16 ग्रीन जोन में इसे शुरू किया गया है। बाद में डेटा के आधार पूरे देश में इसे शुरू किया जाएगा।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तेलंगाना के 16 ग्रीन जोन में 'मेडिसिन फ्रॉम द स्काई' प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है। तीन महीने बाद इसके डेटा का एनालिसिस किया जाएगा। इसके बाद उड्डयन मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, आइटी मंत्रालय, राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर पूरे देश के लिए मॉडल तैयार करेगी। सिंधिया ने इस दौरान कहा कि आज का दिन बेहद क्रांतिकारी है। न सिर्फ तेलंगाना के लिए बल्कि पूरे देश के लिए। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में ड्रोन पॉलिसी तैयार और लागू की गई है। उन्होंने आगे कहा कि इंटरैक्टिव एयरोस्पेस मैप तैयार किया जा रहा है। इस मैप और राज्यों की सहायता से विभिन्न जोन का चिन्हीकरण किया जा रहा है।

गौरतलब है कि 'मेडिसिन फ्रॉम द स्काई' प्रोजेक्ट वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, नीति आयोग और हेल्थनेट ग्लोबल के जरिए तेलंगाना में शुरू किया गया है। यह प्रोजेक्ट एक प्रयोग के तौर पर शुरू किया गया था। इसके तहत विकराबाद जिले में चिन्हित एयरस्पेस पर ड्रोन के जरिए वैक्सीन की डिलीवरी की जा रही है। वहीं इस दौरान तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री रामा राव ने केंद्रीय मंत्री से हैदराबाद के बेगमपट हवाई अड्डे पर एविएशन यूनिवर्सिटी स्थापित करने की भी मांग की।

इस मौके पर सिंधिया ने कहा कि एनडीए सरकार ने नई ड्रोन पॉलिसी में कई छूट दी है। इसके चलते देश में अब ड्रोन की उड़ान में काफी आसानी हो रही है। उन्होंने बताया कि पहले ड्रोन ऑपरेट करने के लिए 25 फॉर्म भरने पड़ते थे।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का सदस्य बनें

संतोष सिन्हा
जिला अध्यक्ष
राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), दुमका
मो. : 8210067708

प्रभाकर प्रसाद
अध्यक्ष
राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस पार्टी
झारखंड प्रदेश

मा. श्री राजा पीटर
उर्फ गोपाल कृष्ण पातर
पूर्व मंत्री झारखंड सरकार

मित्र सेवा प्राइवेट लिमिटेड
Mitr Sewa Pvt. Ltd.
Vikas Sabke Dwaar
तुरंत आवश्यकता
फ्रेंचाइजी /मित्र सेवक
• कमीशन पर निम्नलिखित सेवाओं पर काम कर सकते है :–
• अमेजन इजी स्टोर
• मित्र डिजि पोर्टल (AEPS, , DMT, ATM, RECHARGE, BILL PAYMENTS etc.)
• सभी प्रमुख बीमा कंपनियों के लिए ऑनलाइन बीमा
• ई कॉमर्स के लिए ऑनलाइन ई स्टोर
• म्यूचुअल फंड, टैक्स, फाइलिंग, एनपीएस, शेयर डीमैट , ऑनलाइन ट्रेडिंग
• अन्य सेवाएं
पंजीकरण शुल्क
2000+GST

आय का अवसर
Rs 40,000- 60,000 कम निवेश के साथ
तुरंत संपर्क करें :
श्रीमान : मनोज कुमार
पद : एरिया मैनेजर, मित्र सेवा फांडेशन, झारखंड
मोबाइल : 9151005283, 9006469840
ईमेल : manoj.kumar@mitrsewa.in

सांसद ने सीएम को लिखा पत्र - फूलो झानो मेडिकल कॉलेज के कमियों को जल्द करे दूर

गंभीरतापूर्वक विचार कर त्वरित कार्रवाई करें मुख्यमंत्री

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका। सांसद सुनील सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल की कमियों और समस्याओं के जल्द निराकरण करने की मांग की है । सांसद ने अपने पत्र में लिखा है कि दुमका स्थित एफएमजेसीएच का मैं निरीक्षण करने गया था । हमने वहां पाया कि यहां संसाधनों की घोर कमी है । आधारभूत संरचनाओं की कमी की वजह से ही यहां नामांकन में भी रोक लगा दी गई है । इससे यहां पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है । इससे उनका भविष्य अंधकार में है । सांसद ने इस मेडिकल कॉलेज के कुछ कमियों को चिन्हित किया है , वह इस प्रकार हैं .जिसमें इस मेडिकल कॉलेज में शिक्षक , लैब टेक्नीशियन और पैरामेडिकल स्टाफ की काफी कमी है । यहां पढ़ाई शुरू हुए 2 वर्ष बीत गया लेकिन शिक्षक की संख्या कम है । एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के तीनों विषय पैथोलॉजी , फार्मोकोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी में सिर्फ दो ही शिक्षक हैं , इससे पठन-पाठन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है । इतना ही नहीं अन्य मेडिकल

स्टाफ भी काफी कम है ।मेडिकल की पढ़ाई प्रैक्टिकल के बगैर अधूरा है लेकिन एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं के लिए लैब की सुविधा है ही नहीं । इतना बड़ा मेडिकल कॉलेज का निर्माण तो हो गया लेकिन लाइब्रेरियन है ही नहीं । एक तो यहां किताबे कम है और जो किताबें हैं भी तो वह लाइब्रेरियन के अभाव में इसका लाभ स्टूडेंट्स को नहीं मिल पाता । इस मेडिकल कॉलेज में बिजली पानी की उचित व्यवस्था नहीं है । जिसकी वजह से छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है । यह मेडिकल कॉलेज शहर से काफी दूर पर अवस्थित है । जहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है । इसके साथ ही छात्रों को अध्ययन और क्लीनिकल नॉलेज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाना पड़ता है । इसके लिए उन्हें अपने निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है । जो छात्र छात्राओं के लिए काफी महंगा साबित होता है । सांसद ने पत्र के अंत में मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि दुमका के इस मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे छात्र - छात्राओं को जो परेशानी हो रही है , उस पर गंभीरतापूर्वक विचार करें और जल्द से जल्द इन समस्याओं का निराकरण करें ।

संक्षिप्त समाचार

17 गांवों की काटी बिजली ,बिल जमा नहीं करने पर

● पांच से दस हजार तक बकाया

दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। लगातार चेतावनी देने के बाद भी बकाया बिल नहीं जमा करने पर विद्युत विभाग ने तीन प्रखंड के 17 गांवों की बिजली काट दी है। यहां के 890 उपभोक्ताओं पर पांच से लेकर दस हजार रुपये से अधिक का बिल बकाया है। अब इन गांव में रहने वाले उस घर में तभी कनेक्शन जोड़ा जाएगा, जब उपभोक्ता एकमुश्त सारा बकाया जमा करता है। ऐसा करने पर उसे ब्याज से मुक्त कर दिया जाएगा।दरअसल बिजली विभाग बकाया पैसा जमा करने के लिए लगातार शिविर का आयोजन कर रहा है। लोग आकर बिल भी जमा कर रहे हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विभाग ने किस्त में भी बिल जमा करने का प्रविधान किया था लेकिन यह प्रविधान 15 सितंबर तक के लिए ही था। अब उपभोक्ताओं को एक ही बार में सारा बकाया पैसा जमा करना होगा। उन्हें बिल पर लगा ब्याज देना नहीं होगा। तीन प्रखंड शिकारीपाड़ा, काठीकुंड व रानीश्वर के 890 उपभोक्ताओं ने चेतावनी के बाद भी बकाया जमा नहीं किया। विवश होकर विभाग ने 17 गांव की लाइट की काट दी।कनीय अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि काठीकुंड के गमरा, बलिया, डुमरपहाड़, कैरासोल, कुंडरा पहाड़ी, शहरीटोला, छोटाभुईभंगा, कुरचो, डुमरिया, छोटा चापुरिया, शिकारीपाड़ा के मंझराबाड़ी, रामजप और रानीश्वर के आसनबनी, रानीग्राम, चोकाबथान, नांगलभंगा व सालतोला गांव के 890 उपभोक्ताओं ने अभी तक बकाया जमा नहीं किया है। इसलिए सभी 17 गांव की लाइट को काट दिया गया है। उपभोक्ता का कटा कनेक्शन तभी जोड़ा जाएगा, जब वे एक बार में बिल का भुगतान कर देंगे। बिना भुगतान के अंधेरे में रहना होगा।अभियंता ने बताया कि 890 में तीन सौ ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन पर पांच हजार का बिल बकाया है। वहीं बाकी पर दस हजार से अधिक का बकाया है। इसमें कुछ उपभोक्ता ऐसे हैं, जो कई साल से बिजली का उपयोग कर रहे हैं लेकिन आज तक बिल जमा नहीं किया है। अब किस्त में बिल जमा करने का प्रविधान समाप्त हो गया है। केवल 15 सितंबर तक के लिए छूट दी गई थी। अब एक बार में सारा बिल चुकता करने के बाद ही कनेक्शन जोड़ा जाएगा।एसडीओ (बिजली ग्रामीण) अभय मोहन सहाय ने कहा की लगातार हिदायत देने के बाद भी 890 उपभोक्ताओं ने बकाया बिल जमा नहीं किया है। विवश होकर 17 गांव में रहने वालों का कनेक्शन काटना पड़ा है। इन गांवों में तभी लाइट जोड़ी जाएगी, जब सारा बकाया बिल जमा कर दिया जाएगा।

विधान सभा परिसर में अदिवासियो का पूज्य स्थल मंझीथान और जाहेर थान भी हो

दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। प्रखंड के भुरकुंडा पंचायत के अन्तर्गत दुन्दिया गांव में दिसोम मरांग बुरु युग जाहेर आखडा और ग्रामीणों ने झारखण्ड विधान सभा में नमाज पढ़ने के लिय कमरा आवंटन के मुद्दे को लेकर बैठक किया. नमाज पढ़ने के लिय कमरा आवंटन को लेकर आखड़ा और ग्रामीणों ने सरकार को धन्यवाद किया.आदिवासियों के हित को लेकर झारखण्ड राज्य अलग हुआ.अगर नमाज पढ़ने के लिय विधान सभा में कमरा आवंटन होता है तो आदिवासियों के सभ्यता,संस्कृति और धर्म को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिय आखड़ा और ग्रामीणों ने दुमका के विधायक बसंत सोरेन और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मांग करते है कि अन्य धर्मो के साथ-साथ आदिवासियों के लिय भी विधान सभा परिसर में आदिवासियों का पूज्य स्थल मंझी थान और जाहेर थान का स्थापना किया जाय.क्योकि झारखण्ड राज्य आदिवासी राज्य के नाम से जाना जाता है. अगर अन्य धर्मो के लिय विधान सभा में पूज्य/प्राथना स्थान मिलता है तो आदिवासी को भी विधान सभा में पूज्य स्थल मंझी थान और जाहेर थान अवश्य मिले.जो प्रकृति का घोतक है.आखड़ा और ग्रामीणों ने यह भी मांग रखा कि अनुसूचित क्षेत्र में कोई भी सरकारी योजनाओ / भवनों का उद्घाटन,शिलान्यास आदि के समय आदिवासी पुजारी नायकी से भी पूजा-पाठ करवाया जाय.इसके साथ-साथ अनुसूचित क्षेत्र के थानों व पुलिस लाइन में आदिवासियों का पूज्य स्थल मंझी थान का भी स्थापना किया जाय.तभी जाकर अबुवा दिसोम अबुवा राज में आदिवासियों का सभ्यता,संस्कृति और धर्म को अक्षुण्ण रखा जा सकता है.इस मौके में बबलू मुर्मू, सुनिराम किस्कु,सिमल टुडु, बाबूराम मुर्मू,मार्शल मुर्मू, रमेश हांसदा,सुजीत मुर्मू,माने टुडु,सोनातन किस्क,एमेली बेसरा, सुंदरी हांसदा, बहामुनि हेम्ब्रम, समिता बेसरा,एलिजाबेद मरांडी, महफूल मरांडी,सुरेश टुडु,सोनोति किस्कु, सोकोदी सोरेन,होपोटी मराण्डी, मुखी बास्की,निर्मला हेम्ब्रम,प्रमिला सोरेन,सुनिराम बास्की आदि उपस्थित थे।

पासिग के खेल में फंसे डाक्टर आशीष की बढ़ेंगी मुश्किलें

शिकारीपाड़ा थाना की पुलिस अबतक गिरफ्तार नहीं कर सकी

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका। रुपये लेकर पत्थर लदे वाहनों को दुमका की सीमा पार कराने के मामले में 29 अगस्त को नामजद आरोपित बनाए गए निजी चिकित्सक आशीष वर्णवाल को शिकारीपाड़ा थाना की पुलिस अबतक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। हालांकि फरार चल रहे आरोपित चिकित्सक पर अब स्वास्थ्य विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। उनकी क्लिनिक और डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है। सोमवार से टीम जांच शुरू कर देगी। अगर जांच में डाक्टर की डिग्री फर्जी मिलती है, साथ ही क्लिनिक चलाने के लिए अधिकृत नहीं पाए जाते हैं तो स्वास्थ्य विभाग एक और प्राथमिकी दर्ज कराएगा।दरअसल, आशीष वर्णवाल की शिकारीपाड़ा में निजी चिकित्सक के रूप में

पहचान है। घर के नीचे उनकी क्लिनिक है और ऊपरी मंजिल पर डायग्नोस्टिक सेंटर खोल रखा है। आरोप है कि यहां नियमों को ताक पर रखकर गैरकानूनी तरीके से जांच भी होती है। क्लिनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत क्लिनिक चलाने का लाइसेंस भी नहीं लिया है। अब स्वास्थ्य विभाग क्लिनिक की जांच कराने वाला है। 29 अगस्त को शिकारीपाड़ा थाना की पुलिस ने पत्थर लदे ट्रक को रोकने का कोशिश की थी। उस दौरान चालक ने पुलिस को बताया कि डाक्टर आशीष को इसके लिए रुपये दिए जाते हैं और उनके कहने पर ट्रक लेकर आते हैं, अगर बात करनी है तो आशीष से करें। इसके बाद चालक भागने लगा तो पुलिस ने पीछा कर चालक व सहायक चालक को धर दबोचा। इसी बीच आशीष भी वहां पहुंच गया और पुलिस की मौजूदगी में चालक को छुड़वाने की कोशिश की गई, लेकिन सफल नहीं हो सका। अगले दिन पुलिस ने चालक व सहायक चालक को जेल भेजने के बाद आशीष को नामजद आरोपित बनाते हुए मामला दर्ज किया। डाक्टर के फरार होने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग ने भी उनके कारनामों को खंगालना शुरू कर दिया है। दुमका सिविल सर्जन बच्चा प्रसाद सिंह ने कहा की आशीष क्लिनिक के साथ जांच केंद्र भी चला रहा था। उसकी डिग्री व जांच घर की असलियत पता करने के लिए शिकारीपाड़ा के चिकित्सा प्रभारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जांच में अगर सब फर्जी निकला तो मामला दर्ज कराया जाएगा।

अधूरा पड़ा है सोलर पानी टंकी का निर्माण

दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के उदासीन रवैये के कारण आज़ तक प्रखंड के नक टी गांव में मुख्यमंत्री जल-नल योजना के तहत सोलर पानी टंकी नहीं लगाया जा सका है। विभाग ने गांव में टंकी को रखकर

सोलर टंकी के लिए बेस बना कर छोड़ दिया है। अब पानी टंकी गांव में शोभा की वस्तु बनकर रह गयी है। ग्रामीणों ने कई बार इस मामले की जानकारी पंचायत के मुखिया और विभाग के कर्मचारियों को दी है,बावजूद अभी तक सोलर टंकी को नहीं लगाया गया है। जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए अन्य जगह से पानी लाना पड़ रहा हैं।इस गांव में करीब 30 परिवार रहते है जिन्हें इस सोलर टंकी से पेयजल की आपूर्ति होनी थी,लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण आज़ तक सोलर टंकी नहीं लग सकी।आसनपहाडी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विलियम ने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा था।

लॉटरी के अवैध कारोबार में संलिप्त तीन युवकों पर प्राथमिकी दर्ज

दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। जिला के विभिन्न प्रखंडों में अवैध लाटरी का कारोबार धड़ल्ले से जारी है.इस कारोबार ने हजारों गरीब परिवार को कंगाल बना दिया है.रिक्शा चालक, मजदूर,फुटकर दुकानदारों सहित अन्य लोग आसानी से लोभ में पड़कर अपनी दिनभर की कमाई इस इस कारोबार में लगा देते हैं. कितने गरीब परिवारों का चुल्हा भी नहीं जल पाता है, बच्चे भूख से बिलखते रहते हैं. इस अवैध कारोबार पर आज नकेल कसने का सराहनीय प्रयास रानीश्वर थाना पुलिस ने किया है.अवैध लाटरी के धंधे में संलिप्त तीन युवकों पर रानीश्वर के थाना प्रभारी संजय कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कर यहा चल रहे अवैध लाटरी कारोबार पर सघन अनुसंधान शुरू कर दिया हैं ।थाना सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार रानीश्वर बाजार के अबैध लाटरी टिकट कारोबारी दीपक चौधरी, टम्पू चौधरी एवं पाथरा के रहमान मल्लिक के नाम पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई हैं।

हृदयगति रुक जाने से 15 वर्षीय तन्नु की मौत

दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। मसलिया प्रखंड के रानीघाघर पंचायत अन्तर्गत गम्हरिया गांव में शनिवार दोपहर एक एक 15 वर्षीय युवती की मौत हृदयगति रुक जाने से हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार युवती तन्नु झा गम्हरिया गांव के विश्वनाथ झा की दूसरी पुत्री थी। उसने हाल ही में मेट्रिक परीक्षा में सनरेज उच्च विद्यालय पालाजोरी से 94 प्रतिशत अंक लाकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया था। जनप्रतिनिधियों ने उसे पुरस्कृत भी किया था। युवती के अचानक इस तरह मौत से मा चंदना झा दहाड़ मार कर रोती जा रही थी।तन्नू के अचानक निधन से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

दुर्गा पूजा समिति की संरक्षक बनी पूर्व मंत्री, गाइडलाइंस के अनुरूप होगा पूजा का आयोजन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका। न्यू बाबू पाड़ा दुर्गा पूजा समिति की संरक्षक सूबे की पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी होंगी जबकि अध्यक्ष महेश नारनोली होंगे। शनिवार को महेश नारनोली की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में समिति का गठन किया गया। समिति के सह संरक्षक अजय कु. राजहंस, उपाध्यक्ष प्रवीर कु. सिन्हा एवं सचिव सीतेश साहा होंगे। कुणाल झा को सह सचिव एवं शचाम किशोर सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया जबकि सह कोषाध्यक्ष उत्तम बर्धन को बनाया गया। पूजा प्रभारी लालू राय होंगे। वहीं कार्यकारिणी समिति में अजित कुमार भगत, संजीव कुमार, मिट्ठू झा, विश्वजीत राहा, चंदन गोराई, अभिजीत

चटर्जी, रवि सिंह, मनीष सिंह, सुमित, रोहित एवं अन्य को शामिल किया गया। बैठक के दौरान कई निर्णय लिए गए।समिति ने कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए सरकार के गाइडलाइन का पालन करते हुए पूजा का आयोजन करने का निर्णय लिया। पूजा का आयोजन कोविड को देखते हुए पिछले साल की तरह मोहल्ले तक ही सीमित होगी। समिति साफ सफाई एवं पूजा परिसर के सेनेटाइजेशन पर फोकस करने का निर्णय लिया है।

न्याय सदन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका। राष्ट्रीय लोक अदालत में गठित कुल 7 बेंचो ने आपसी सुलह समझौता से 807 वादों का निपटारा करते हुए कर कुल 1,44,08,912 रुपए की वसूली हुई। शनिवार को जिला व्यवहार न्यायलय के न्याय सदन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित हुई। अदालत का विधिवत उदघाटन प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार अध्यक्ष पीयूष कुमार समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राधिकार अध्यक्ष ने आपसी सुलह समझौता से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन का अपील किया। साथ ही उन्होंने लोक अदालत के सुलभ और सस्ता और सभी के लिए होना बताया। उन्होंने बताया कि अदालत में दीवानी, फौजदारी और छोटे-छोटे विवादों का सुलह का उचित प्लेटफार्म बताया। उन्होंने बताया

कि लोक अदालत में हुए वादों का निपटारा के बाद किसी अदालत में अपील नहीं होती है। प्रधान जज ने कहा कि कोविड संक्रमण काल मे छोटे-छोटे मामले के कारण बड़े मामले की अधिकता से कई मामलों की निपटारा में देरी हो रही है। कुछ मामले ईगो प्रॉब्लम के कारण बढ़ जाते है। ऐसे में ऐसे छोटे मामलो का निपटारा लोक अदालत के जरिये कर लोगों को शुलभ और निःशुल्क न्याय दिया जाता है। प्राधिकार उपाध्यक्ष एसपी अम्बर लकड़ा ने कहा कि ऐसी व्यवस्था से मामलो का निपटारा आसान तरीके से किया जाता है। जो व्यवस्था प्रखंड से लेकर जिले तक प्राधिकार सदस्य शामिल है। जिसका लोग लाभ आसानी से उठा सकते है।वही जिले के डीडीसी संजय कुमार सिंह ने कहा कि सभी के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय लेने का बेहतर जगह है। इसमें खुद बार एशोसिएशन का आगे आकर अपने लोगो को शुलभ न्याय दिला सकते है। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ सचिव राकेश कुमार यादव ने लोक अदालत के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अदालत में बैक से जुड़े मामले,खनन,सड़क हादसा से जुड़े मामले पर मुआवजा, पारिवारिक विवाद, राजस्व एवं सुलहनीय वादों का निपटारा हुआ।इस अवसर पर प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि गठित सात बेंचों में 807 मामले का आपसी सुलह समझौता से निपटारा करते 1,44,08,912 रुपये की वसूली हुई। गठित बेंच में प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय देवेंद्र कुमार पाठक, डीजे वन मो तौफिकुल हसन, सीजेएम एसपी ठाकुर,, एसीजेएम निशांत कुमार, जेएम वन विजय कुमार यादव, एसडीजेएम जितेंद्र राम, स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह समेत अधिवक्ता शामिल थे। कार्यक्रम में न्यायिक दंडाधिकारी, बैंक के कर्मी समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और अधिवक्ता उपस्थित थे।

मंडल कारा का उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

बिजली व पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारीयों को दिया

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

पाकुड़। शनिवार को उपायुक्त वरुण रंजन व पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन मंडल कारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला व पुरुष कक्ष का अवलोकन किया गया। साथ ही मौके पर मौजूद कैदियों से समस्याओं की जानकारी भी डीसी व एसपी ने लिया। महिला वार्ड में महिला कैदी के साथ मौजूद बच्चों को डीसी व एसपी ने बिस्किट, चॉकलेट वितरण किया। निरीक्षण के बाद उपायुक्त वरुण रंजन ने बताया कि दैनिक रूटिंग के तहत आज मंडल कारा का निरीक्षण किया गया किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री नहीं पाई गई है। उन्होंने कहा कि मंडल कारा के अंदर कई समस्याओं की जानकारी भी ली गई साथ ही कारा के अंदर कौन-कौन सी सुविधा की जरूरत है इसका समीक्षा किया गया और समीक्षा

के दौरान बिजली और पानी की कुछ समस्याएं सामने आई इसको लेकर विद्युत व पेयजल विभाग के अभियंताओं को इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। उपायुक्त वरुण रंजन ने बताया कि मंडल कारा में बिजली की समस्या को दूर करने के लिए एक ट्रांसफार्मर स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया। डीसी ने कहां की कोविड-19 से कैदियों को सुरक्षित करने के लिए वैक्सीनेशन का कार्य किया गया है अभी भी बहुत ऐसे कैदी है जिन्हें वैक्सीन नहीं लगा है। उपायुक्त ने कहा कि आधार कार्ड के कमी के कारण जिन कैदियों को वैक्सीन नहीं लगा है वैसे कैदियों को आधार कार्ड उपलब्ध करवाने की दिशा में आवशयक कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए सिविल सर्जन को बचे हुए कैदियों को वैक्सीन लगाने का निर्देश दिया गया है। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान, अनुमंडल पदाधिकारी पंकज कुमार, अधीक्षक मंडलकारा प्रमोद कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, मुख्यालय डीएसपी बैद्यनाथ प्रसाद, जेलर ललन कुमार भारती, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता समीर कुमार एवं एसएमपीओ पवन कुमार व अन्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

लिट्टीपाड़ा में किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन

पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। लिट्टीपाड़ा प्रखंड के कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में शनिवार को प्रखंड स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान गोष्ठी का उद्घाटन प्रखंड कृषि पदाधिकारी केसी दास ने किया। किसान गोष्ठी में उपस्थित किसानों को खरीफ फसल, धान, अरहर, मक्का आदि की उन्नत खेती की तकनीक एनएफएसएम के टीए चितरंजन सिन्हा ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ कृषि पदाधिकारी दास ने किसानों को खरीफ फसल धानका कीट रोग प्रबंधन, कृषि ऋण माफी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत संचालित विभिन्न योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी को दिया! साथ ही प्रखंड तकनीकी प्रबंधक रामेश्वर मुर्मू द्वारा उपस्थित किसानों को जीवामृत, उत्पादन, बीजामृत बनाने की तकनीक की जानकारी दी गई। मौके पर किसान गोष्ठी में दर्जनों किसान मित्र एवं किसान मौजूद थे।

प्रखंड प्रशासन की लापरवाही से नहीं हो पा रहा जाहेरथान की चहारदीवारी का निर्माण

दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। काठीकुंड प्रखंड प्रशासन की गलती का खामियाजा बोकवा गांव के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार जिला कल्याण विभाग के द्वारा प्रखंड के बडाचापुडिया पंचायत अंतर्गत बोकवा गांव में करीब 22 लाख रुपए की लागत से जाहेर थान चारदीवारी निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है।

जिसमें ग्राम प्रधान सोनावती देवी, जोगमांझी देवान किस्कू, परानिक सोकोल किस्कू,गुडम नायकी प्रधान हांसदा, गोडैत होपना बास्की, समेत ग्रामीणों ने गांव में ग्राम समा आयोजित कर लाभुक समिति का गठन किया है,जिसमें सुनील देहरी अध्यक्ष, होपना बास्की सचिव, बलिश मुर्मू कोषाध्यक्ष कि चयन कर प्रखंड कार्यालय में जामा किया है। प्रखंड कार्यालय द्वारा एकरारनामा कराने के लिए कल्याण विभाग को भेज दिया गया। बिचौलिए ने 14 वीं वित आयोग से नाली निर्माण के लिए ग्राम सभा कर धोखे से पुनः लाभुक समिति का गठन कर प्रखंड कार्यालय में जमा कर दिया। प्रखंड कार्यालय को जानकारी होने के बाद भी जाहेर थान चारदीवारी निर्माण के लिए दो-दो ग्राम सभा आयोजित कर लाभुक समिति का गठन कर प्रस्ताव को एकरारनामा कराने के लिए कल्याण विभाग दुमका को भेज दिया। लेकिन जिला कल्याण विभाग के पास एक ही योजना का दो- दो ग्राम सभा का प्रस्ताव आने के कारण एकरारनामा नहीं किया गया।

जिला कल्याण विभाग ने पुनः काठीकुंड प्रखंड कार्यालय को निर्देश जारी किया कि कर्मचारी को प्रतिनियुक्त कर बोकवा गांव में जाकर ग्राम सभा की जाय,लेकिन अभी तक प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार ने ग्राम सभा नहीं कराया है।

बताया जा रहा है कि 31 अगस्त को पंचायत सचिव ज्योतिष किस्कू को विरमित होने के बावजूद एक सितंबर को ज्योतिष किस्कू को बोकवा गांव में ग्राम सभा आयोजित कराने के लिए प्रतिनियुक्ति किया गया, लेकिन पंचायत सचिव ज्योतिष किस्कू का अन्य प्रखंड में स्थानांतरण होने और विरमित होने के कारण ग्राम सभा नहीं कराया । बाद में बडाचापुडिया पंचायत में प्रभार लिये अविनाश मुर्मू को छह सितंबर को ग्राम सभा आयोजित कराने के लिए चिट्ठी दिया गया, लेकिन पंचायत सचिव अविनाश मुर्मू ने भी अभी तक बोकवा गांव में ग्राम सभा नहीं कराया है। इस मामले में पंचायती राज पदाधिकारी रघुवंश भारती ने बताया कि नये पंचायत सचिव अविनाश मुर्मू ने योगदान किया है, शीघ्र ही बोकवा गांव में ग्राम सभा आयोजित कराने के लिए ग्रामीणों को सूचना दी जाएगी।

हत्या लूट अपहरण डकैती के नामजद कुख्यात आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

छह साल से फरार आरोपी को ससुराल से पुलिस ने किया गिरफ्तार

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

पाकुड़। संथाल परगना के पाकुड और दुमका जिले के कई थानों में हत्या लूट अपहरण एवं डकैती की घटना में संलिप्त कुख्यात अपराधी लखिन्द्र राय को अमड़ापाड़ा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पाकुड एवं दुमका जिले के कई थाना क्षेत्रो में घटना को अंजाम देकर बीते छह वर्ष से फरार कुख्यात अपराधी लखिन्द्र राय की गिरफ्तारी गोपीकन्दर थाना क्षेत्र के पलासबनी गांव में छापेमारी कर गिरफ्तार की गई । लखिन्द्र राय की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी में शामिल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमड़ापाड़ा मनोज कुमार, सब इंस्पेक्टर मुकुल भगत, संतोष यादव एवं जवानों को लगभग दो किलोमीटर पैदल चलते रहे। कुख्यात अपराधी की गिरफ्तारी से पाकुड़ जिले के चार एवं दुमका जिले के दो दर्ज मामलों के न केवल निष्पादन में सफलता पुलिस को मिली है बल्कि अपराध की घटनाओं

में लगाम लगाने में भी पुलिस को सफलता मिली है। लखिन्द्र की गिरफ्तारी जिले की पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली थी कि हत्या लूट डकैती एवं अपहरण की घटनाओं में शामिल फरार अपराधी लखिन्द्र गोपीकांदर थाना क्षेत्र के पलासबनी गांव में ससुराल में छुपा हुआ है। मिली इसी सूचना पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमड़ापाड़ा मनोज कुमार सदल बल लखिन्द्र राय को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी करने निकले। बीते शुक्रवार की देर रात्रि में अमड़ापाड़ा थाने की पुलिस ने गोपीकांदर थाने की पुलिस के सहयोग से पलासबनी गांव में छापेमारी किया । छापेमारी इस कदर की गयी की न तो गांव वाले एवं न ही लखिन्द्र को भनक लग सकी की पुलिस आयी है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि 6 साल से फरार कुख्यात अपराधी लखिन्द्र राय के खिलाफ पाकुड जिले के अमड़ापाड़ा थाने में तीन लिट्टीपाड़ा, पाकुड़िया एव मालपहाडी ओपी मे एक एक दुमका जिले के गोपीकांदर एवं काठीकुंड थाना में एक एक कुल 8 मामले दर्ज है। श्री कुमार ने बताया कि हत्या लूट डकैती एवं अपहरण की घटनाओं को अंजाम देने के बाद लखिन्द्र फरार हो गया। पुलिस की आंखों में धूल झोंककर कुख्यात अपराधी लखिन्द्र पलासबनी में छुपकर रह रहा था।

किरासन तेल टैंकर दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बचे

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। थाना क्षेत्र के कमरडीहा गांव के पास किरासन तेल लोड टंकर बाल बाल दुर्घटनाग्रस्त होने से बचा। मिली जानकारी के अनुसार एनएल 01 ए 7676 नंबर की टैंकर धनबाद से किरासन तेल लोड कर लिट्टीपाड़ा आ रहा था अचानक कमरडीहा गांव के पास टैंकर का पहला पहिया ब्लास्ट हो गया। पहिया बलास्ट होने से टैंकर चालक में अपनी सूझबूझ से दुर्घटना होने नहीं दिया। टैंकर के चालक ने इसकी जानकारी पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर आवशयक पूछताछ के बाद छोड़ दिया दिया । टैंकर के चालक ने बताया कि टैंकर का पहिया ब्लास्ट होने से दुर्घटना होते होते बची लेकिन 12 सौ लीटर किरासन तेल का क्षति हुआ है।

परिवार व्यक्तित्व विकास का आधारस्तंभ

दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। संताल परगना कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के अंतर्गत संचालित 'मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र' के द्वारा कॉलेज प्राचार्य सह संरक्षक डॉ खिरोधर प्रसाद यादव की अध्यक्षता में 'रोल ऑफ फैमिली इन इम्प्रोविंग मेन्टल हेल्थ बिहेवियर' विषय पर 'राष्ट्रीय वेब लेक्चर सीरीज' -06 का आयोजन किया गया।कॉलेज प्राचार्य सह संरक्षक डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र का यह अनवरत 6वां वेब लेक्चर सीरीज है। इसका लगातार होना ही कार्यक्रम की सफलता व लोकप्रियता को बतलाता है। मौके पर मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र के निदेशक सह कन्वेनर व ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा परिवार व्यक्तित्व विकास का आधारस्तंभ होता है। वही मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए साइकियाट्रिक सोशल वर्कर विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर एंड हेड , रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइकाइट्री एंड अलाइड साइंसेस , कांके , रांची डॉ मनीषा किरण ने कहा कि परिवार समाज का यूनिट है जिसके हेल्थी व्यवहार से समाज व राष्ट्र स्वस्थ्य होता है। परिवार के मेंबर के बीच सौहार्द संबंध न रहेगा तो एक दूसरे को सहयोग नही कर पाएंगे। मुख्य वक्ता के रूप में इंस्टिट्यूट ऑफ 'मन बिहेवियर एंड अलाइड साइंसेस, नई दिल्ली के असिस्टेंट प्रोफेसर के श्री हिमांशु ने कहा कि परिवार न केवल जिंदगी भर जीने का स्थान है , सभी तंरह की आवशयकताओ को पूरा करने का माध्यम होता है गूगल मीट पर आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों के परिचय में मुख्य अतिथि का परिचय डॉ विजेता तिग्गा, रांची यूनिवर्सिटी रांची ने किया तथा मुख्य वक्ता का परिचय डॉ वर्षा कुमारी, संताल परगना कॉलेज, दुमका ने किया जबकि वेब मंच संचालन दशरथ महतो , रिसर्च स्कॉलर, सिकामु विवि ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ सीमा कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग ने किया। इस वेबिनर मे कॉलेज व यूनिवर्सिटी सहित वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर आर्गेनाइजेशन, रांची सहित कई राज्यो के सहभागी उपस्थित हुए।

आंगनवाड़ी केंद्र में मनाया गया पोषण सप्ताह

लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में शनिवार को राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया । वही महिला प्रवेक्षिका चंदना सिंह ने बताया कि प्रखंड के सोनाधनी, जबरदाहा, जामजोड़ी, नवाडीह,कुंजमोना, बिचामहल सहित दर्जनों पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्रों के सभी का द्वारा अपने सेंटर पर बच्चों को हाथ धोने के तरीके के बारे में बताया गया। साथ ही बच्चों को सुमनके विधि के साथ हाथ धुलाई की गई एवं इसका नित्य प्रयोग करने के लिए कहा गया। साथ ही सभी केंद्र पर माताओं का मौसमी बीमारी के उपचार हेतु घरेलू उपाय सेविकाओं द्वारा बताया गया। साथ ही खानपान में पोषण का ध्यान रखते हुए संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई। सभी केंद्रो पर माताओं एवं बच्चों ने हिस्सा लिया ।

आंगनवाड़ी केंद्र पर हाथ धुलाई कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत जिले के विभिन्न परियोजनाओं में शनिवार को आंगनवाड़ी केंद्र पर हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सेविका एवं साहिकाओ द्वारा बच्चों को हाथ धोने के तरीके के बारे में बताया गया। बच्चों को SUMANK विधि से हाथ धुलाई गई।

इसका नित्य प्रयोग करने कहा गया। साथ ही केंद्र पर माताओं को मौसमी बीमारी के उपचार हेतु घरेलू उपाय सेविकाओं द्वारा बताया गया। साथ ही खानपान में पोषण का ध्यान रखते हुए संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई। मौके पर केंद्र में माताएं एवं बच्चे ने हिस्सा लिया।

रेलवे के निजीकरण से यात्री भाड़े में होगी 3 गुना वृद्धिः संजय ओझा

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

पाकुड़। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आ''ान पर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा द्वारा प्लेटफार्म नंबर एक पर आम यात्रियों के बीच रेल कर्मियों सहित केंद्र सरकार की राष्ट्रीय संपत्ति के मुद्रीकरण की नीति के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया । मौके पर शाखा सचिव संजय ओझा ने संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र सरकार की इस नीति से राष्ट्र के अधिकतम संसाधन पर निजी कंपनियों का अधिकार हो जाएगा और वह इसका अधिकतम दोहन कर जर्जर अवस्था में छोड़कर चले जाएंगे । साथ ही शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिए रोजगार के अवसर और भी कम हो जाएंगे' जिन युवकों को रोजगार मिलेगा वह मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक शोषण के शिकार होंगे । रेलवे में 150 ट्रेनों के निजीकरण, 109 रूटों को लीज पर देने पर एवं कई उत्पादन इकाइयों का निजीकरण करने से माल भाड़े एवं यात्री भाड़े में लगभग 3 गुना

वृद्धि हो जाएगी, जिसका उदाहरण लखनऊ से दिल्ली तक चलने वाली तेजस एक्सप्रेस से पता चलता है क्योंकि लखनऊ से दिल्ली चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस का भाड़ा जहां 600 सौ रुपया है वही तेजस एक्सप्रेस का भाड़ा निजी कंपनियों द्वारा 1700 रखा गया है। सरकार की इस नीति से रेलवे के स्लीपर क्लास में मिलने वाली 47% सब्सिडी खत्म हो जाएगी, समाज के विभिन्न वर्गों जैसे वरिष्ठ नागरिक रियायत, छात्रों को मिलने वाली रियायत पत्रकार एवं विकलांगों को मिलने वाली रियायत खत्म कर दी जाएगी। कोविड-19 के कारण आर्थिक तंगी से गुजर रहे नागरिकों को और भी महंगाई का सामना करना पड़ेगा । आम यात्रियों को जागरूक रहने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि अगर सरकार की गलत नीतियों का सही समय पर विरोध नहीं किया गया तो सरकार और भी निरंकुश होती चली जाएगी' सरकार सभी सरकारी सेवाओं का निजीकरण करके अपने दायित्व से भाग रही है क्योंकि प्रत्येक निर्वाचित सरकार का दायित्व है कि आम नागरिकों के लिए सस्ती शिक्षा, सुरक्षा व्यवस्था, सस्ती परिवहन व्यवस्था, शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करना होता है, लेकिन वर्तमान सरकार अपनी इस नीति के द्वारा अपने नैतिक दायित्व से भाग रही है और निजी कंपनियों को दोहरा लाभ पहुंचा रही है केंद्र सरकार की नीति का ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन जोरदार विरोध करती है साथ ही आ''ान करती है की आम नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए पूर्व रेलवे में किसी भी प्राइवेट ट्रेन को चलने नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद कलीम अंसारी, सह सचिव विक्टर गेम्स, निलेश प्रकाश, संगठन सचिव अमर कुमार मल्होत्रा, केंद्रीय सभा सभासद संजीव कुमार, कुंदन कुमार सिंह, अशोक कुमार दीपक प्रमाणिक, पिंटू लाल पटेल, अमलेश रंजन सहित कई रेल कर्मी मौजूद थे।

लिट्टीपाड़ा में मवेशी लदा ट्रक पलटा, एक अभियुक्त गिरफ्तार

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

पाकुड़। लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा कुंजबोना पीडब्ल्यूडी सड़क डहरटोला के समीप पुलिस द्वारा पीछा कर रहे एक मवेसी लदा ट्रक पलटने से दो मवेसी घायल हो गया । पुलिस को देख ट्रक चालक व उपचालक ट्रक छोड़ फरार हो गया जबकि एक हेल्फेर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । ट्रक में फसे सभी मवेसी को स्थानीय ग्रामीण व पुलिस के सहयोग से निकाल कर 9 मवेसी को जब्त कर थाना लाया गया । थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया गुप्त सूचना मिला था कि गोड्डा के बांका मवेसी हाट से कुछ मवेसी तस्कर ट्रक में लोड कर लिट्टीपाड़ा के रास्ते तस्करी करने वाला है । उसी को लेकर शनिवार रात करीब तीन बजे दल बल के साथ पेट्रोलिंग में निकले थे. करीब चार बजे चीतलों फार्म के रास्ते लाबदाघाटी पहुचने पर एक ट्रक संख्या जेएच 16 ई 8157 को देख कर ट्रक को रोकने का निर्देश दिया गया । वावजूद ट्रक चालक द्वरा ट्रक नही रोके जाने पर ट्रक का पीछा किया गया। जिससे ट्रक चालक द्वारा लिट्टीपाड़ा के डहरटोला के समीप असंतुलित होकर सड़क किनारे गढ्ढे में जाकर पलट गया । घटना के बात अंधेरे का फायदा उठा कर चालक व उपचालक फरार हो गए जबकि एक मवेसी हेलरफर गोड्डा के घटयारी निवासी कलाम अंसारी को गिरफ्तार किया गया है । इस दौरान ट्रक में फसे 9 मवेसी को ग्रामीणों की सहयोग से निकाल कर जब्त कर थाना लाकर इलाज कराया गया । वही दुर्घाटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर करवाई किया जा रहा है । उन्होंने बताया मवेसी तस्क री मामले में जांच किया जा रहा है. जल्द की मामले में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा ।

जिला पर्यटन पदाधिकारी के द्वारा पर्यटन विकास हेतु नगर परिषद अंतर्गत कई तालाबों एवं पर्यटन स्थल किया निरीक्षण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

पाकुड़। उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देशानुसार जिला पर्यटन पदाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा पर्यटन विकास हेतु नगर परिषद अंतर्गत कई तालाबों एवं पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया गया। जिला पर्यटन पदाधिकारी के द्वारा नगरपालिका स्थित टीन बंगला पोखर, दीनदयाल उपाध्याय तालाब का निरीक्षण किया गया एवं सौन्दर्यकरन कैसे किया जाए इसपर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा राजपाड़ा स्थित जटाधारी मंदिर का भी निरीक्षण किया गया एवं उसका विकास पर ध्यान आकृष्ट किया गया। इसके अलावा काली सागर पोखर इत्यादि तालाबों का भी अवलोकन किया गया। मौके पर सिटी मैनेजर, नगर पालिका के कर्मी, पर्यटन कार्यालय के कर्मी प्रवीण कुमार, एवं मनीष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे ।

राष्ट्रीय लोक अदालत जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

गिरिडीह। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार 11 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, श्रीमती वीणा मिश्रा, प्रधान न्यायधीश महोदया, कुटुंब न्यायालय, सुश्री कुमारी रंजना अस्थाना, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम, राम बाबू गुप्ता, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय कुमार दिनेश के पावन कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमती वीणा मिश्रा ने कहा कि कोविड-19 रुपी इस वैश्विक महामारी के संकट काल में आमजन एवं पक्षकारों को लाभ प्रदान करने हेतु माननीय नालसा, नई दिल्ली के

निर्देश पर पूरे देश में आज के दिन राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन वर्चुअल तथा हाइब्रिड मोड में किया जा रहा है। झालसा रांची के द्वारा झारखंड राज्य के सभी न्यायालयों में लंबित एवं प्री लिटिगेशन मामलों का निष्पादन इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से पक्षकारों को अपने मामलों में त्वरित निष्पादन का लाभ तो मिलता ही है साथ ही साथ न्यायालय का बोझ भी कम होता है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय आपराधिक मामलों, सिविल मामलों, बैंक मामलों, वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों बिजली, वन विभाग, उत्पाद, माप तौल, खाद्य सुरक्षा इत्यादि विभागों से संबंधित मामलों का निष्पादन लोक अदालतों के माध्यम से होने से आम जनों को काफी राहत मिलता है। कोविड-19 के इस दौर में अपने-अपने मामलों को सुलह कराने हेतु गिरिडीह न्याय मंडल के तमाम पक्षकारों, विद्वान अधिवक्ताओं एवं न्यायिक पदाधिकारियों के सामुहिक प्रयास से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद मिली है।

माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष महोदय श्रीमती वीणा मिश्रा के कर कमलों द्वारा द्वारा आज मोटर वाहन दुर्घटना वाद के 02 विभिन्न दावाकर्ताओं को अपने पावन कर कमलों द्वारा कूल 7,00,000/-रुपए की राशि का चेक वितरित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह संदीप कुमार बर्तम ने कहा कि गिरिडीह न्यायमंडल में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु निरंतर कार्य किया गया। इसमें सभी न्यायिक पदाधिकारियों, सभी विभागों के पदाधिकारियों , विद्वान पैनल अधिवक्ताओं एवं पारा लीगल वॉलिंटियर्स के साथ मीटिंग किया गया था। साथ ही संबंधीत न्यायालयों के द्वारा पूर्व से ही मामलों को चिन्हित कर संबंधित पक्षकारों को नोटिस के माध्यम से सूचना प्रदान किया गया था। साथ ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के निर्देश पर कुल 10 पीठों का गठन किया गया था, जिसमें सभी पीठों के पीठासीन पदाधिकारियों ने आज इस राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने अपने पीठों में आवंटित मामलों को निष्पादित किया।

उन्होंने बतलाया कि आज इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अभी तक कुल 925 मामलों का निष्पादन किया जा चुका था, जिसमें दो करोड़ 5 लाख रुपए की राशि संबंधित पक्षकारों को तथा राजस्व के रूप में प्राप्त हुआ है। समाचार लिखे जाने तक राष्ट्रीय लोक अदालत जारी था। इस राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में गिरिडीह न्यायमंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारियों, विद्वान अधिवक्ताओं, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, न्यायालय के कर्मचारियों, पारा लीगल वालंटियर्स, मीडिया कर्मीयों सहित पक्षकारों की सराहनीय भूमिका रही।

संक्षिप्त समाचार

राजगढ़ में बीमा शिविर में दर्जनाधिक महिलाओं ने कराया बीमा

- चकमन्जो पंचायत में शत प्रतिशत बीमा करवाना प्राथमिकता: पूजा सिन्हा

जमुआ/गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। जमुआ प्रखंड के चकमन्जो पंचायत अंतर्गत ग्राम राजगढ़ प्राथमिक विद्यालय परिषर में शनिवार को जेएसएलपीएस व बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बीमा शिविर का आयोजन किया गया। जेएसएलपीएस के चकमन्जो पंचायत के बीआरपी एस डी पूजा कुमारी सिन्हा ने आजीविका सखी मंडल की महिलाओं का फॉर्म भरकर बीमा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सरकार के दिशा निर्देशानुसार सभी आजीविका सखी मंडल की महिलाओं व परिजनों का सामाजिक सुरक्षा स्किम के तहत बैंक के सजयोग से बीमा से आच्छादित करना है। बैंक ऑफ इंडिया बीसी योगेश कुमार पाण्डेय ने शिविर में प्रधानमंत्री जीवनज्योति,सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए सखी मंडल की महिलाओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करते हुए कहा कि बोकारो आंचलिक कार्यालय है। बोकारो जोन को एफ आई उत्पाद, सामाजिक सुरक्षा स्किम में सर्वोच्च स्थान दिलाना के दिशा में बैंक ,बीसी सखी मंडल के सहयोग से अग्रसर है। सभी को अपना व अपने परिवार का बीमा शत प्रतिशत करवाना सुनिश्चित करना चाहिए। जिले भर में जेएसएलपीएस व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से बीमा शिविर का युद्धस्तर पर बीमा शिविर का आयोजन किया जा रहा है बीसी द्वारा सरलतापूर्वक बीमा का कार्य किया जा रहा है। शिविर के सफल आयोजन में ए डब्लू गुलाबशां प्रवीण,रंजीत कुमार सिन्हा सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही। उक्त अवसर पर आजीविका सखी मंडल की महिलाएं मौजूद थे ।

तैलिक साहू सभा द्वारा कोविड-19 टीकाकरण कैंप आयोजित

गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। जिला तैलिक साहू समाज के द्वारा सदर अस्पताल गिरिडीह के सहयोग से कोविड-19 टीकाकरण निशुल्क कैंप लगाया गया। कैंप की जानकारी देते हुए जिला साहू सभा के महासचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि हमारे समाज के द्वारा चौथा टीकाकरण कैंप लगाया जा रहा है ।आज के कैंप में लगभग 200 लोगों का टीकाकरण किया गया। कैंप के द्वारा लोगों को निशुल्क टीकाकरण किया गया तथा लोगों को जागरुक भी किया गया। जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू अधिवक्ता ने कहा की हमारा समाज हमेशा से समाजिक कार्यों को प्राथमिकता देता रहा है। कैम्प के माध्यम से हम प्रयास कर रहे हैं कि लोग कोविड-19 प्रति जागरूक हो तथा कोविड गाइडलाइन का पालन करें।

कैम्प में अध्यक्ष बाल गोविंद साहू , महासचिव धर्म प्रकाश, उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू, संयुक्त सचिव प्रोफेसर मुकेश कुमार साहा, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता, नगर सचिव मनीष गुप्ता, श्याम सुंदर गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे। गेम को सफल बनाने में सदर अस्पताल की सिस्टर सुमन भारती और रंजीत कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

गिरिडीह। ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन द्वारा भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आज 11 सितंबर को ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन का सातवां सालगिरह होने के कारण केक काटा गया। ब्लड डोनेट किया गया वृक्षारोपण किया गया माहुरी छात्रावास में सारा कार्यक्रम हुआ और दोपहर को वृद्ध आश्रम में भोजन करवाया गया। ओल्ड एज होम में आज गिरिडीह के प्रगतिशील विधायक विकास पुरुष सुदिव्य कुमार सोनू जी वृक्षारोपण करके प्रोग्राम का शुरुआत किया गया और चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल मनीष विनायक अध्यक्ष

गिरिडीह माहुरी वैश्य मंडल भाजपा नेत्री श्रीमती शालिनी संजीत तवे पिंटू तर्वे मोबाइल एसोसिएशन के संथाल के अध्यक्ष रविराज कविराज और समाज के चेंबर के सारे सदस्य आए हुए थे। बहुत ही शानदार प्रोग्राम रहा गिरिडीह माहुरी महिला समिति की अध्यक्ष सुषमा गुप्ता अनीता विनायक राखी टारकों मोबाइल एसोसिएशन के बहुत सारे लोग थे चेंबर के बहुत सारे लोग थे। सुमित भदानी ऋषि वार्ड पार्षद सुमित कुमार वार्ड पार्षद बबलू गुप्ता झारखंड मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट मनीष विनायक सभी मेंबरों का बहुत-बहुत आभार जो इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस प्रोग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका झारखंड मोबाइल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और माहुरी वैश्य मंडल के अध्यक्ष और चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उप सचिव मनीष (विनायक) एकघरा और झारखंड मोबाइल एसोसिएशन के संथाल अध्यक्ष रवि राज और पिंटू कुमार तर्वे गिरिडीह मोबाइल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुमित भदानी और ओप्पो वीवो सैमसंग मोबाइल के पदाधिकारी गण रियल मी मोबाइल के डिस्ट्रीब्यूटर राजन भी मौजूद थे।

अपवर्जन को लेकर जमडार पंचायत के वार्ड नं0 2 में किया गया ग्राम सभा का आयोजन

गावां/गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। गावां प्रखंड अंतर्गत जमडार पंचायत के वार्ड संख्या 2 के ग्रामीणों के द्वारा शनिवार को अपवर्जन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी गावां की अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा मे ग्रामीणों का कहना था कि जमडार पंचायत के वार्ड संख्या 2 में आगामी पंचायत चुनाव में वार्ड सदस्य के निर्वाचन के लिए सीट को एसटी/एससी के लिए आरक्षित कर दिया गया है जबकि वार्ड संख्या 2 में एसटी/एससी की संख्या नही के बराबर है। बैठक में उपस्थित बीडीओ रामगोपाल पांडेय ने स्थिति का जायजा लेते हुए सर्वसम्मति से वार्ड नं०2 के वार्ड सदस्य के सीट को पूर्व की भांति यथावत रहने दिए जाने का आश्वासन दिया गया। मौके पर ग्राम प्रधान नीलम ज्योति हेम्ब्रम, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक, पंचायत के वार्ड सदस्य एवं उस क्षेत्र के मतदाता उपस्थित थे।

गावां प्रखंड में कुत्ते का आतंक जारी, कई लोगों को काटकर किया जख्मी

गावां/गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। गावां प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में इन दिनों कुत्ते का आतंक जारी है। हर सप्ताह प्रखंड के किसी न किसी क्षेत्र में कुत्ते के द्वारा दर्जनों लोगों को जख्मी कर दिया जाता है। शनिवार को मंझने पंचायत में कुत्तों ने दर्जनों लोगों को काट कर जख्मी कर दिया है। घायलों में मंझने निवासी उषा देवी, मनोज रजवार, शाहिल अंसारी, रंजन कुमार, प्रमिला देवी, आराधना कुमारी, बिट्टू कुमार शर्मा, प्रकाश सिंह आदि लोग शामिल है। उक्त सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां ले जाया गया जहां डॉ० काज़िम खान के द्वारा सभी को एंटी रेबीज इंजेक्शन लगा कर एवं प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2022 हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श को ले एसडीएम ने की बैठक

गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2022 के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श करने के लिए आज शनिवार को जिले के डुमरी अनुमंडल कार्यालय में राजनितिक दलों के नेताओं,सांसद व विधायक प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की गई।जिसमे बैठक की अध्यक्षता एसडीएम प्रेमलता मुर्मू ने की।इस बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन,सभी प्रकार के दावा आपत्ति प्राप्त करना,विशेष अभियान दिवस, दावा आपत्ति का निष्पादन,मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन एवं बूथ स्तरीय एजेंट की नियुक्ति आदि पर विचार विमर्श किए गए।एसडीएम ने जनप्रतिनिधियों को बताया कि 1 नवम्बर 2021 को फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन होना है, जिस पर 30 नवंबर तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जा सकता है।जबकि 20 नवंबर 21 नवंबर,27 नवंबर व 28 नवंबर 2021 को विशेष अभियान दिवस मनाना है। वहीं 20 दिसंबर 2021 दिसंबर को दावा आपत्ति का निष्पादन किया जाना है, और 5 जनवरी 2022 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाना है।एसडीएम ने बताया कि 1 जनवरी 2022 तक जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो जाती है, उनका नाम बीएलओ को घर घर सर्वे कर मतदाता सूची में जोड़ना है।वहीं एसडीएम ने उपस्थित नेताओ से बीएलओ के सहयोग हेतु बूथ स्तरीय एजेंट की नियुक्ति करने की अपील की।बैठक में भाजपा नेता प्रशांत जायसवाल,झामुमो नेता डेगलाल महतो व आजसू सांसद प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

बीएलओ पर्यवेक्षकों संग अनुमंडल कार्यालय में समीक्षात्मक बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

डुमरी/गिरिडीह। निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी डुमरी विधान सभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी डुमरी प्रेमलता मुर्मू की अध्यक्षता में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव झारखंड सरकार मंत्रीमंडल (निर्वाचन) विभाग रांची के द्वारा 9 सितंबर को आयोजित वीडियो कोंफ्रेंस में दिए गये निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों में उपयुक्त अनुभाग बनाने हेतु डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी प्रखंड (बूथ संख्या 1से 195 तक) के बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ शनिवार को अनुमंडल

कार्यालय सभागार में समीक्षात्मक बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें एक सप्ताह के अंदर अनुभाग का गठन करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान पर्यवेक्षकों ने कार्य के संपादन संबंधी विभिन्न बिन्दुओं पर एसडीएम का मार्गदर्शन व दिशानिर्देश लिया।एसडीएम ने बताया कि पर्यवेक्षकों द्वारा एक सप्ताह के अंदर अनुभाग का गठन किया जाना है ताकि मतदाताओं का एड्रेस को दुरुस्त किया जा सके और मतदाताओं को मतदान केंद्र आने-जाने में सुलभता हो।इस दौरान यासीन अंसारी, युनूस अंसारी, निरंजन महतो, टिकेंद्र साव, टिंकू दास, जयलाल तुरी, राजेंद्र वर्मा,हीरालाल महतो,राजेश साहू,निर्मल कुमार, अजय वर्णवाल, रंजीत प्रजापति, सबीरूद्दीन अंसारी, मुन्नवर अंसारी आदि बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

सीसीएल में स्थानीय बेरोजगारों के रोजगार की गारंटी करनी होगी: माले

मनमाने तरीके से एमपीएल को कोयला देने का निर्णय सीसीएल वापस ले

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

गिरिडीह। स्थानीय लोगों के रोजगार की गारंटी किए बिना एमपीएल को कोयला भेजने के विरोध में चल रहे धरना कार्यक्रम में आज भाकपा माले तथा एआईसीसीटू ने शिरकत करते हुए कहा कि, सीसीएल का यह निर्णय स्थानीय गरीबों के खिलाफ लागू किया गया है। इसलिए इसे तत्काल वापस लेकर स्थानीय गरीब बेरोजगारों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी नेता राजेश कुमार यादव तथा राजेश सिन्हा ने कहा कि स्थानीय हजारों लोगों का रोजगार यहां लोकल सेल चालू रहने से मिला करता था, जो फिलहाल बंद है।

यहां होने वाले कोयला उत्पादन का एक निश्चित हिस्सा लंबे अरसे से लोकल सेल के माध्यम से डिस्पैच हो रहा था, ताकि स्थानीय विस्थापित एवं गरीबों को रोजगार मिल सके। लेकिन सीसीएल द्वारा एमपीएल को कोयला भेजने के अविवेक पूर्ण निर्णय से गरीबों की रोजी छिनने का पूरा खतरा मंडरा रहा है। इधर गिरिडीह कोलियरी बचाओ संघर्ष मंच के बैनर तले चल रहे धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कंपू यादव, राजेंद्र यादव, कमल चंद साहू तथा राजेंद्र राय ने कहा कि यह लड़ाई इस क्षेत्र पर आम लोगों के हक की लड़ाई है। इसलिए सीसीएल को एमपीएल को कोयला भेजना कि अपना निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए इसे तत्काल वापस लेना चाहिए। सीसीएल के बाद स्थानीय लोगों को नौकरी और उनका हक नहीं दे सकी तो उनके रोजगार के अधिकार को भी नहीं छीन सकती है।

संघर्ष मंच के बैनर तले आज भी ट्रक ओनर्स के साथ-साथ बड़ी तादाद में स्थानीय लोग भी भाकपा माले तथा आईसीसीटीयू का लाल झंडा लिए धरना कार्यक्रम में डटे रहे। आज के आंदोलन में मुख्य रूप से ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कंपू यादव, कमल चंद साहू, राजेंद्र राय, राजेंद्र यादव, मो0 असलम, संतोष यादव, बाली यादव, सुधाकर यादव, अरुण यादव, नितेश सिंह, रोशन सिंह, प्यारे खान, दीपक राम, प्रकाश मंडल, बबलू सिंह सहित मोइन अंसारी, डिलचंद तुरी, राजेंद्र हजाम, सिकंदर हजाम, सोरेन चौड़े, मनोज हांसदा, प्रधान टुडू, नसीम अंसारी, जाहिद अंसारी, इम्तियाज अंसारी, दुलारचंद ठाकुर, रिजवान अंसारी, मकसूद अंसारी, गुरुचरण दास, आशिक अंसारी, धनराज तुरी, प्रेम तुरी, देवानंद तुरी, महेश तुरी, नागेश्वर तुरी, मुख्तार अंसारी, दीपक तुरी, पंकज तुरी, मिथुन तुरी आदि मौजूद थे।

सशस्त्र सीमा बल के जवान की मौत

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। नक्सलियों से दो-दो हाथ करने के लिए विजयपुर स्थित कैंप में तैनात सशस्त्र सीमा बल 35 वाहिनी के जवान 36 वर्षीय भरत कुमार सिंह की शनिवार की सुबह मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जवान बिहार के अररिया जिले के जोगबनी का मटियानी गांव का रहने वाला था। पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव भेज दिया गया है। मामले में मृतक के साथी संदीप कुमार सिंह के बयान पर नगर थाने की पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है। भरत सिंह ने सात पहले दुमका में सशस्त्र सीमा बल ज्वाइन किया था। करीब दो साल से वह बीमार चल रहा था। तबीयत खराब होने पर घर चला जाता और ठीक होने के बाद वापस लौट आता था। मार्च महीने में उसका पटना में दो माह तक इलाज भी चला था। साथी संदीप ने बताया कि भरत को अक्सर पेट दर्द की शिकायत रहती थी। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे तबीयत खराब होने पर मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात में खून की उल्टी होने पर डाक्टर ने इंजेक्शन दिया, जिसके बाद वह सो गया। शनिवार की सुबह छह बजे उठा तो सांस लेने में तकलीफ होने लगी। इसके ठीक 10 मिनट बाद उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलने पर कैंप में रहने वाले जवान अस्पताल पहुंचे और दुख व्यक्त किया। स्वजनों को भी मौत की खबर दी गई। दोपहर में नगर थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची और संदीप का बयान लेकर पंचनामा तैयार किया। पोस्टमार्टम के बाद शव को विजयपुर स्थित कैंप लाया गया, जहां कमांडेंट एमके पांडेय समेत सभी अधिकारी व जवानों ने अंतिम दर्शन किए। बाद में शव को वाहन से उनके घर भेज दिया गया। जवानों का कहना था कि लगातार बीमार रहने की वजह से भरत का शरीर पूरी तरह से कमजोर हो गया था। परिवार में पत्नी के अलावा अन्य लोग थे।

संक्षिप्त समाचार

रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी देवघर के ब्लड डोनेशन ऑन व्हील कार्यक्रम के तहत सनातन फाउंडेशन जसीडीह के द्वारा श्री संकरा मिशन उच्च विद्यालय जसीडीह में आयोजित रक्तदान शिविर में पहला रक्तदाता बनकर पहली बार रक्तदान करने का सौभाग्य श्री संकरा मिशन उच्च विद्यालय जसीडीह के पूर्व छात्र मणिकांत झा उर्फ मनीष को मिला।

इस अवसर पर मणिकांत झा मनीष के द्वारा सभी युवाओं से रक्तदान महादान रक्तदान कर जीवनदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर पीयूष जायसवाल,वाइस चेयरमैन आनंद कुमार कोऑर्डिनेटर विजय प्रताप सनातन, एग्जक्यूटिव मेंबर देवनंदन झा आदि उपस्थित थे।

मारपीट को लेकर मामला दर्ज

सारवां/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट का मामला प्रकाश में आया सिरसिया निवासी विनोद यादव ने थाने में आवेदन देकर गांव के ही किशोर यादव सुनील यादव मोहन यादव गंगा देवी सुनीता देवी पर मारपीट का आरोप लगाया है जान मारने के नियत से गला दबाने का प्रयास किया जा रहा था इस संबंध में थाना प्रभारी कुमार अभिषेक ने बताया कि आवेदन मिला है आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

न्यू इंडिया क्लब के सदस्यों ने धूम धाम से किया भगवान गणेश की पूजा

सारठ/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। प्रखण्ड अंतर्गत चितरा कोयलवरी के तिलैया गांव में न्यू इंडियन क्लब के सदस्यों ने भगवान गणेश की धूम धाम से पूजा अर्चना की ।इस दौरान मौके पर जुटे श्रद्धालुओं भगवान भक्ति में डूबे दिखे और सभी ने सोशल डिस्टेंस मेंटेन करते हुए पूजा अर्चना किया।वहीं संध्या के समय कर्ण प्रिय भजन और आरती का आयोजन किया गया था।इस दौरान आयोजन समिति के सदस्यों ने भगवान गणेश से कोरोना महामारी के खातमें की कामना किया।पूजा को विधि और शांति पूर्वक सम्पन्न करवाने को लेकर मौके पर समिति के सभी सदस्य लगे हुए थे।पूरी व्यवस्था को सुचारु संचालन के लिए क्लब के सदस्य विवेक सिंह,सिंधु सिंह,प्रियांशु,मनीष सहित दर्जनों लोगों ने अपनी महती भूमिका निभाई।

जयंती पर स्वर्गीय आचार्य विनोबा भावे श्रद्धांजलि

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने जलसार रोड स्थित अपने आवास पर जयंती के अवसर पर भूदान आंदोलन के प्रणेता स्वर्गीय आचार्य विनोबा भावे के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि आचार्य विनोबा भावे ने भूदान एवं ग्रामदान आंदोलन का सफल प्रयोग कर समाज एवं देश को एक नई दिशा दी।वे एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रसिद्ध गांधीवादी नेता थे। विनोबा भावे का सर्वधर्म समभाव के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण था। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं कि वे सच्चे रूप में महात्मा गांधी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी थे। स्वर्गीय भावे के व्यक्तित्व का स्वतंत्र मूल्यांकन एवं उनके सिद्धांतों व आदर्शों को अपनाना ही उनके प्रति हम सबों की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

जयंती पर स्वर्गीय केदारनाथ मिश्र प्रभात को श्रद्धांजलि

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के पूर्व प्रवक्ता अजय कुमार ने जयंती पर महान कवि स्वर्गीय केदारनाथ मिश्र प्रभात को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के अद्वितीय क्रांतिकारी कवि और छायावाद के विलक्षण प्रतिभा के रहस्यवादी महाकवि केदारनाथ मिश्र प्रभात हिंदी साहित्य के अनमोल रतन थे ।उनकी रचनाओं ने हिंदी साहित्य को ही समृद्ध नहीं किया बल्कि अनेक प्रतिभाशाली साहित्यकारों को प्रेरणा दी। उनकी रचनाएं काव्य कौशल पाठकों को अंदर तक प्रभावित एवं मुक्त करती हैं। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं की उन्होंने साहित्य सागर को जो समृद्धि प्रदान की उस अवदान का कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता है।

गिरिडीह तैलिक साहू सभा द्वारा कोविड-19 टीकाकरण कैंप का किया गया आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

गिरीडीह। गिरिडीह जिला तैलिक साहू समाज के द्वारा सदर अस्पताल गिरिडीह के सहयोग से कोविड19 टीकाकरण निशुल्क कैंप लगाया गया। कैंप की जानकारी देते हुए जिला साहू सभा के महासचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि हमारे समाज के द्वारा चौथा टीकाकरण कैंप लगाया जा रहा है।आज के कैंप में लगभग 200 लोगों का टीकाकरण किया गया। कैंप के द्वारा लोगों को निशुल्क टीकाकरण किया गया तथा लोगों को जागरुक भी किया गया। जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू अधिवक्ता ने कहा कि हमारा समाज हमेशा से समाजिक कार्यों को प्राथमिकता देता रहा है, कैम्प के माध्यम से हम प्रयास कर रहे हैं कि लोग कोविड-19 प्रति जागरूक हो तथा कोविड गाइडलाइन का पालन करें। कैम्प में अध्यक्ष बाल गोविंद साहू , महासचिव धर्म प्रकाश, उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू, संयुक्त सचिव प्रोफेसर मुक्ेश कुमार साहा, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता, नगर सचिव मनीष गुप्ता,श्याम सुंदर गुप्ता,नंदकिशोर गुप्ता सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।इस शिविर के आयोजन को सफल बनाने में सदर अस्पताल की सिस्टर सुमन भारती और रंजीत कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहूंगा-अतुल सिन्हा

- **भाग संख्या 18 के प्रत्याशी लगातार कर रहे हैं क्षेत्र का भ्रमण**

करों/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। प्रखण्ड अंतर्गत भाग संख्या 18 के संभावित जिला परिषद प्रत्याशी अतुल सिन्हा लगागतार क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीण जनता की समस्याओं से अवगत हो रहे हैं और बहुत हद तक समाधान करनें में भी लग जाते हैं।वहीं इसी क्रम में क्षेत्र के भीतिया नवाडीह गांव के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के साथ एक बैठक किया और आगे की रणनीति तैयार करते दिखे। मौके पर उपस्थित लोगों ने भी उन्हें जिला परिषद के चुनाव में हर संभव मदद करने की बात कही और कहा कि आज के समय मे युवाओं पर ही भरोसा किया जा सकता है जबकि अतुल सिन्हा एक शिक्षित और सुलझे हुए युवा हैं और हमलोगों को इनपर भरोसा भी है।वहीं मौके पर श्री सिन्हा कहते हैं कि में क्षेत्र की जनता के हर दुःख सूख में 24 घण्टे हाज़िर रहूंगा सि×र्फ मुझे याद करने की जरूरत है।हर समस्या का समाधान करने के लिए तत्पर हूं और रहूंगा।

एनएसयूआई के द्वारा स्नातक में नामांकन की तिथि बढ़ाने हेतु प्राचार्य सौंपा ज्ञापन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवघर। छात्र संगठन एनएसयूआई के द्वारा ए.एस. कॉलेज अध्यक्ष विशाल दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ए.एस.कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार झा को स्नातक में नव नामंकन कराने आये हुए छात्रो की समस्या को देखते हुए ज्ञापन सौंपा गया।जिसमे मौ×के पर मुख्य रूप से सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय पूर्व महासचिव रवि वर्मा उपस्थित थे।उन्होंने एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल के साथ मिलकर छात्रो की विभिन्न समस्याओं को सुनकर कॉलेज प्राचार्य से मुलाकात किया और कहा कि स्नातक में नव नामंकन कराने आये हुए छात्र पोर्टल में बीच में लिंक काम नही करने के कारण बहुत से छात्र नामंकन कराने से वंचित रह गए थे। इस कारण कहा गया कि एनएसयूआई यह मांग करती है कि कॉलेज में नामांकन की तिथि बढ़ाई जाए ताकि किसी भी छात्र को भविष्य में कठिनाई की सामना ना करना पड़े।वही ए. एस. कॉलेज अध्यक्ष विशाल दुबे ने भारतीय राष्ट्रीय छात्र सं×गठन की ओर से सभी छात्रों को आश्वाशन दिया की एनएसयूआई उनकी छोटी से बड़ी हर समस्या के निराकरण के लिए तत्पर है उनकी हर समस्या को एनएसयूआई कॉलेज से लेकर विश्वविद्यालय तक ले जाकर उसका समाधान करेगी। ईस दौरान मुख्य रूप से सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय पूर्व महासचिव रवि वर्मा, ए.एस. कॉलेज अध्यक्ष विशाल दुबे, नगर महासचिव मनीष कुमार, कुंदन यादव, अंकित दुबे, कॉलेज उपाध्यक्ष रोहित यादव, देवघर कॉलेज सचिव मनोहर टुडु,अलोक दुबे, समीर केशरी, शशांक सिंह,मयंक कुमार,सिकंदर आदि दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

पंचायत स्तरीय शिविर का किया गया आयोजन

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। बंदा जोरी पंचायत भवन के सभागार मैं प्रशिक्षु आईएएस सह बीडीओ अनिकेत संचान की देखरेख में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया ।मौके पर प्रशिक्षु आईएएस सह वीडियो ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण स्तर की समस्याओं को समाधान करने को लेकर शिविर के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्या का समाधान किया जाएगा । इस अवसर पर शिविर में उपस्थित लोगों ने पीएम आवास ,डोभा, सिंचाई कूप,सड़क,पेंशन, के लिए 55 आवेदन दिए ।साथ ही शिविर में 33 लोगों की स्वास्थ जांच भी की गई। शिविर में उपस्थित वीडियो जहूर आलम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विजय कुमार देव,जेएसएस सह बीपीओ विनोद दास, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ एसके चौधरी,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश केरकेट्टा,पर्यवेक्षिका अनिता कुमारी शिक्षा विभाग के लेखापाल पर्थो कुमार, पंचायत प्रधान सरोज पासवान,पंचायत सेवक दिलीप दास,जनसेवक राजेश्वर सिन्हा,मोइन अंसारी, कृषक मित्र पंकज कुमार,पांडव मंडल, संजय सिंह,सहित सेविका,साहिया आदि उपस्थित थे।

बिना हेलमेट के बाइक चलाने को लेकर भाजपा ने मंत्री का किया विरोध

- **डीटीओ और यातायात प्रभारी से कहा मंत्री जी का भी कटे चलान**

झारखंड देखो।

देवघर। भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने सूबे के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन द्वारा बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल चलाने का विरोध करते हुए कहा है कि श्री अंसारी अपने ही सरकार के बनाए नियम का उलंघन कर रहे हैं और बिना हेलमेट के ही बाइक से शहर घूम रहे हैं । वहीं भजपा के नेताओं ने कहा कि आम पब्लिक जब बिना हेलमेट के बाइक चलाता है तो उससे फाइन काटकर पनिशमेंट दी जाती है उनके बाइक को सीज कर लिया जाता है तो फिर सरकार के मंत्री से फाइन क्यों नहीं ?वही इसकी निंदा करते हुए भजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव ज्वाड़े,पंकज सिंह भदौरिया, राकेश नरोने, सचिन सुल्तानिया, विनय चंद्रवंशी आदि ने डीटीओ और यातायात प्रभारी से संज्ञान लेते हुए मंत्री जी का भी फाइन लगाने की मांग की है।

घरेलू विवाद में पति ने पत्नी को बेलन से मारकर किया जखमी, मामला पहुंचा थाना

वेतन के पैसे को लेकर अक्सर होती रहती थी कहा-सुनी

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। जामा थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत अन्तर्गत चपुड़ीया गांव में शनिवार को पति द्वारा घरेलू विवाद में बेलन से मारकर पत्नी को घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है.पीड़िता पत्नी ने पति के खिलाफ जामा थाना में शिकायत की है। जानकारी के अनुसार चपुड़ीया गांव की रहने वाली आरती कुमारी लाल ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि मेरी शादी आठ वर्ष पूर्व चपुड़ीया गांव के रंजीत कुमार साह के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ संपन्न हुई थी। आवेदन में लिखा है कि मैं स्वास्थ्य विभाग में स्थायी कर्मी के रूप मे दुमका सदर अस्पताल में कार्यरत हूं। पति से अक्सर कहा सुनी होते रहती है। बताया कि मेरा पति वेतन का पैसा डरा धमका कर अपने हाथ ले लेते हैं और पैसा का दुरूपयोग करते हैं। जब पैसा देना बंद कर देती हूं तो मारपीट करने लगते हैं और पैसा बंद करने पर अब जान से मारने की भी धमकी देने लगे। कुछ दिन पहले माँ का देहांत हो जाने से पति ने और अधिक प्रताड़ित करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में 10 सितंबर की रात्रि करीब 9 बजे पति नशे में धुत होकर आया और बेलन से प्रहार कर दिया जिससे दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई है।पीड़ित पत्नी ने जामा थाना में अपनी व्यथा बताकर कानूनी कार्रवाई के लिए गुहार लगाई है।जामा पुलिस ने कहा कि पीड़िता ने अभी तक लिखित शिकायत दर्ज नही करायी है।आवेदन मिलते ही शिकायत दर्ज कर आगे उचित कार्रवाई की जाएगी।

लेमन ग्रास की खेती कर हजारों कमा रहीं हैं महिला किसान

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका। झारखंड राज्य की उपराजधानी दुमका जिले में झारखंड राज्य आजीविका संवर्द्धन संस्थान द्वारा संचालित जोहार परियोजना अंतर्गत जिले के चार प्रखंड दुमका शिकारीपाड़ा, मसलिया,सदर और रामगढ़ प्रखंड की ग्रामीण महिलाएँ आज लेमन ग्रास की खेती के जरिए आर्थिक आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रही है।

जोहार परियोजना अंतर्गत के सखी मंडल की महिलाओं को औषधीय पौधों की खेती के लिए उत्पादक समूह बना कर इससे जोड़ा गया है, जिसमें लेमन ग्रास की खेती भी प्रमुख है। दुमका के 4 प्रखंडों में अब तक 1200 सखी मंडल की दीदी लेमन ग्रास गतिविधि से जुड़ चुकी है एवं लेमन ग्रास की खेती के जरिए अच्छी आमदनी हो रही है। महिलाओं द्वारा ही निर्मित संथाल परगना महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा इसके व्यपार की गतिविधियों में मदद की जा रही है। मसलिया प्रखंड के झिलुआ आजीविका उत्पादक समूह की सुमित्रा दत्ता ने अपने 20 डिसिमल जमीन में पहली बार लेमन ग्रास की खेती शुरू की। और उन्होंने बताया हैं, ''मैंने तो कभी लेमन ग्रास का नाम तक नहीं सुना था मगर अब इससे होने वाले फायदे को जानने के बाद हम दूसरों को भी लेमन ग्रास की खेती करने की सलाह देते है। जोहार परियोजना के मद से 4,750 रुपयों की सहायता सभी इकछुक लाभुकों को प्रदान की गई है जिसके जरिये लेमन ग्रास की खेती की जा रही है। बंजर भूमि पर सोने की तरह कमाई कराती है लेमन ग्रास एवं बंजर भूमि का व्यवसाय हेतु उपयोग भी अब जोहार परियोजना के माध्यम से होने लगा है। जोहार परियोजना के तहत हम लोगों को प्रशिक्षण मिला और मैंने इसी साल जनवरी में लेमन ग्रास खेती की शुरूआत की थी। लॉकडाउन के बावजूद अब तक करीब 50 हजार की कमाई सिर्फ लेमन ग्रास की स्लिप बेच कर लाभ कमा चुकी है, जबकि खेती पर खर्च सिर्फ 5 - 7 हजार रुपये हुए हैं।जेएसएलपीस के जिला परियोजना पदाधिकारी सिद्धार्थ और क्षेत्रीय परियोजना पदाधिकारी प्रणव प्रियदर्शी द्वारा बताया गया कि जिले के चारों प्रखंड को मिलाकर अभी तक तीन वित्तीय वर्षो में लगभग 175 एकड़ में लेमन ग्रास लगाई गई है। एवं भविष्य में इन सभी महिलाओं के आय को दोगुनी करने के लिए जोहार परियोजना अंतर्गत यहां लेमनग्रास से तेल निकालने की मशीन लगाने की तैयारी की जा चुकि है और जल्द ही इस दिशा में जमीनी स्तर पर कार्य की शुरुआत होनी है। और इससे क्षेत्र के अन्य किसान भी लेमन ग्रास की खेती को अपनाएंगे और इससे अपनी आय को बढ़ाएगे।

ये ज्योतिष उपाय ठीक करेंगे

4 आपकी जिंदगी की बड़ी परेशानियां

हम सभी की जिंदगी में कई तरह की परेशानियां होती हैं। किसी की जिंदगी में व्यापार से जुड़ी परेशानी होती है तो किसी की जिंदगी में नौकरी से जुड़ी भी परेशानी होती है। इसके अलावा परिवार में झगड़े भी आपके लिए परेशानी का सबब है। यहां हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे ही ज्योतिष उपाय जिनसे आप काफी हद तक इन समस्याओं से राहत पा सकते हैं।



परिवार के सदस्यों से है अनबन

अगर परिवार के सदस्यों से अनबन है तो कुछ चावल, सुपारी और कुछ सफेद फूल अपने साथ घर ले जाएं। ऐसा करने से रिश्तों में मिठास आती है।

परिवार के सदस्यों को है पेट की पेरशानियां

अगर परिवार के सदस्यों में से अधिकतर लोगों को पेट से जुड़ी परेशानियां है तो यह ज्योतिष उपाय आपको राहत पहुंचा सकता है। इस तरह की परेशानी से बचने के लिए हमने घर के दक्षिण-पूर्व कोने में शाम को मोमबत्ती जलाएं। इससे परिवार के सदस्यों की पेट की पेरशानियां काफी हद तक ठीक हो सकती हैं।

पैसा बचाने में मुश्किल

क्या आपके पास पैसा आता है और जल्दी से खर्च भी हो जाता है? क्या आप पैसा बचा नहीं पाते तो इसका भी समाधान है। ज्योतिष के अनुसार शमी के पेड़ की जड़ को लोहे के किसी बॉक्स में रखकर बंद करके अपने लॉकर में रखना चाहिए। इससे आपकी बचत में इजाफा तो होगा ही साथ ही आपको धन लाभ भी होगा।

नौकरी से जुड़ी परेशानियां

अगर आपने अपनी नौकरी बदली है या फिर नौकरी खोज रहे हैं तो इस तरह की परेशानियों से बचने के लिए सूर्य की उपासना करना शुरू कर दें। इसके अलावा रोज तांबे का सिक्का 43 दिन तक बहते पानी में प्रवाहित करें। ज्योतिष के अनुसार इन उपायों को करने से आपके काम में आ रही बाधाएं अपने आप समाप्त हो जाएंगी।

इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य व सटीक हैं तथा इन्हें अपनाने से अपेक्षित परिणाम मिलेगा। इन्हें अपनाने से पहले संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।

सुबह-सुबह खाली पेट शहद लेने से

पेट रहेगा दुरुस्त

शहद एक ऐसी प्राकृतिक चीज है जिसमें आयरन, कैल्शियम, फॉस्फेट, सोडियम, क्लोरिन, पोटेशियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में होता है। शहद में ऐसे विटामिन, मिनरल्स और एंजाइम्स पाए जाते हैं जो हमें कई बीमारियों से बचाते हैं। गर्म पानी में एक चम्मच शहद मिलाकर पीने से कई फायदे तो होते ही हैं साथ ही अदरक, लहसुन, दालचीन के साथ मिलाकर इसका सेवन करने से यह और भी ज्यादा फायदेमंद हो जाता है। आइए जानते हैं सुबह-सुबह शहद लेने के फायदे

1. वजन होता है कम- सुबह-सुबह अगर खाली पेट एक गिलास गर्म पानी में नींबू का रस और शहद मिलाकर पिया जाए तो बॉडी डीटॉक्स होती है। रोज एक गिलास पानी में शहद और नींबू मिलाकर पीने से पूरे शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकलते हैं और शरीर से फैट भी कम होती है।

2. शहद को लहसुन के साथ भी खाया जाता है। सुबह-सुबह लहसुन और शहद को कम मात्रा में मिलाकर खाने से आर्टरीज से वसा कम हो जाती है और ब?लड सर्कुलेशन ठीक हो जाता है।

3.पाचन से जुड़ी दिक्कतों में भी फायदेमंद है शहद- पाचन से जुड़ी दिक्कतों जैसे एसिडिटी, कब्ज, गैस की बीमारियों में शहद अचूक औषधि है। एक चम्मच शहद को अगर खाना खाने से पहले खा लिया जाए तो खाना आसानी से पच जाता है। इके अलावा हैवी डाइट लेने के बाद अकसर गिलास गर्म नींबू पानी में शहद मिलाकर पीना चाहिए।

4. शहद ब्लड प्रेशर को कम करने के भी काम आता है। इसे अगर तुलसी के पत्तों के साथ लिया जाए तो ब्लड प्रेशर कंट्रोल होता है। इसके लिए रोज सुबह खाली पेच तुलसी के पत्तों का रस लेना चाहिए।

5. हार्ट के लिए है फायदेमंद- शहद दिल के लिए भी काफी फायदेमंद है। शहद को दालचीनी में मिलाकर पीने से कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है। इसके लिए एक-चम्मच शहद और एक-तिहाई चम्मच दालचीनी को गर्म पानी में मिलाकर इसका सेवन करना चाहिए।

इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य व सटीक हैं तथा इन्हें अपनाने से अपेक्षित परिणाम मिलेगा। इन्हें अपनाने से पहले संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।

WhatsApp उपयोग करते हैं तो रहें सावधान

व्हाट्सऐप दुनिया में सबसे ज्यादा उपयोग किया जाने वाले इंस्टेंट मैसेंजर बन चुका है। इसके यूजर्स की संख्या एक अरब का आंकड़ा पार कर चुकी है।

यहां तक कि भारत के कुल मोबाइल यूजर्स में से 95 फीसदी इसका उपयोग कर रहे हैं। व्हाट्सऐप के फायदे तो बहुत हैं, लेकिन इसके उपयोग में बरती गई जरा सी भी असावधानी आपको नुकसान पहुंचा सकती है।

दरअसल दुनिया के बाकी मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स की ही तरह व्हाट्सऐप के जरिए भी रोजाना हैकिंग और स्पैम जैसी एक्टिविटीज़ को अंजाम दिया जाता रहता है। यदि आपको किसी भी तरह की धोखाधड़ी, हैकिंग या स्पैम से बचना है तो सावधान रहना होगा।

आज हम आपको व्हाट्सऐप से जुड़े हुए कुछ स्कैम, स्पैम, हैकिंग और धोखाधड़ी के बारे में बता रहे हैं-

वीडियो कॉलिंग के फर्जी इनविटेशन

व्हाट्सऐप ने एंड्रॉयड, आइओएस और विंडोज़ यूजर्स के लिए वीडियो कॉलिंग का नया फीचर रिलीज़ किया। इसकी खबर के साथ ही कई हैकर्स और स्पैमर्स भी एक्टिव हो गए और व्हाट्सऐप यूजर्स को हैक करने में जुट गए।

स्पैमर्स द्वारा एक लिंक सर्कुलेट किया जा रहा है, जिसमें यूजर्स को ग्रुप वीडियो कॉलिंग का इनविटेशन दिया जा रहा है। जबकि ग्रुप वीडियो कॉलिंग का कोई फीचर व्हाट्सऐप द्वारा रिलीज नहीं किया गया है।

व्हाट्सऐप यूजर्स को एक मैसेज मिल रहा है, जिसमें लिखा है "YouÓre invited to try WhatsApp Video Calling feature. Only people with the invitation can enable this feature." इस लिंक पर क्लिक करके आप अपने और अधिक दोस्तों को वीडियो कॉलिंग के लिए इनवाइट कर सकते हैं।

ऐसे लिंक्स पर बिलकुल भी क्लिक न करें क्योंकि इससे आपका मोबाइल, उसका डेटा और आपकी पर्सनल जानकारियां हैकर्स तक पहुंच सकती हैं। इन स्पैम्स के जरिए आपकी कॉन्टेक्ट लिस्ट, ईमेल्स और डॉक्युमेंट्स आदि गलत हाथों में पहुंच सकते हैं।

वाउचर डील्स

व्हाट्सऐप पर अमेजन के नाम से भी एक मैसेज शेयर किया जा रहा था, जिसमें वाउचर डील्स के बारे में बताया गया था। Amazon BigBillionDay Lucky Wheel' नाम के मैसेज में एक वेबसाइट का टाइनी यूआरएल दिया जाता था, जो आपको एक वेबसाइट पर ले जाता था।

यह वेबसाइट एक मालवेयर थी, जो आपके फोन या कम्प्यूटर की सारी जानकारी हैक कर लेती थी। ऐसा ही मैसेज मैकडॉनल्ड फ्री ऑफर के नाम से भी शेयर किया जा चुका है।

कुछ यूजर्स का व्हाट्सऐप बंद हो जाएगा

यह भी एक ताजा अफवाह थी, जिसमें बताया कहा जा रहा था कि कुछ स्मार्टफोन यूजर्स के व्हाट्सऐप अकाउंट बंद कर दिए जाएंगे। जबकि असलियत यह थी कि कुछ विशेष ऑपरेटिंग सिस्टम वाले फोन्स के लिए व्हाट्सऐप का सपोर्ट बंद किया गया था।

दरअसल, कुछ पुराने नोकिया फोन, ब्लैकबेरी, आइफोन और एंड्रॉयड स्मार्टफोन्स के लिए यह कदम उठाया गया था। लेकिन अफवाह फैलाने वालों ने इसको गलत तरीके से प्रचारित किया था।

इनके लिए बंद होगा व्हाट्सऐप

दिसंबर 2016 के बाद सिंबियन ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करने वाले नोकिया 40, एंड्रॉयड 2.1, एंड्रॉयड 2.2, विंडोज 7, आइफोन 3जएस और iOS 6 के लिए व्हाट्सऐप का सपोर्ट बंद कर दिया जाएगा।

फ्री नहीं रहेगा व्हाट्सऐप

यह भी एक अफवाह है कि व्हाट्सऐप उपयोग करने के लिए फीस चुकानी होगी। दरअसल कंपनी ने तय किया था कि पहली बार व्हाट्सऐप डाउनलोड करने वालों को एक साल के लिए यह सर्विस फ्री दी जाएगी और इसके बाद फीस ली जाएगी। लेकिन बाद में इसे लाइफटाइम फ्री कर दिया गया। इसलिए यह मैसेज या अफवाह अब किसी काम की नहीं रही।

व्हाट्सऐप गोल्ड / व्हाट्सऐप प्लस

इस मैसेज में कहा गया कि आपको अपना व्हाट्सऐप गोल्ड वर्जन पर अपग्रेड करना चाहिए। यूजर्स को जो मैसेज मिल रहे थे उनमें लिखा था कि व्हाट्सऐप का गोल्डन वर्जन लीक हो चुका है और इसे केवल प्रमुख बड़ी हस्तियां इस्तेमाल करती है, लेकिन अब आप भी इसका उपयोग कर सकते है।

इस गोल्डन वर्जन के फीचर्स में वीडियो कॉलिंग, गलती से भेजे गए मैसेज को डिलीट करना, फ्री कॉलिंग, थीम चेंज और एक साथ 100 फोटोज़ भेजने जैसे ऑप्शन शामिल हैं।

अगर आपको भी ऐसे मैसेज मिले थे या अभी भी मिल रहे हैं तो संभल जाए क्योंकि ऐसे मैसेज मात्र एक अफवाह है। दरअसल व्हाट्सऐप ने ऐसा कोई वर्जन तैयार नहीं किया। जैसे ही आप गोल्डन वर्जन के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करते हैं तो एक 404 एरर पेज खुलता है। हो सकता है कि हैकर्स ऐसा करके यूजर्स की निजी जानकारियां चुरा रहें हो। वहीं व्हाट्सऐप प्लस जैसा कोई ऐप तो लॉन्च ही नहीं किया गया है।

इस वेडिंग सीजन में

इन आर्ट्स से सजाएं अपने नेल्स

...तो आपके नेल्स ऐसे दिखेंगे खूबसूरत और एकदम व्हाइट.

अगर आपको नेल्स काफी बड़े रखने का शौक है तो आप नेल एक्स्टेंशन ट्राई कर सकती हैं. इसमें नेल्स के शुरूआती हिस्से पर डिजाइन बनाकर इनको स्टाइलिश लुक दिया जाता है.

हाथों की खूबसूरती सिर्फ उनकी कोमलता पर ही निर्भर नहीं करती, बल्कि नेल्स की शेप, नेलपॉलिश और इनकी केयर पर भी बहुत जरूरी है. वैसे नेल्स को स्टाइलिश लुक देने के लिए कई तरह के आर्ट्स मौजूद हैं. भीड़ में अलग दिखने के लिए और कुछ नया अपनाने के लिए ये जरूर ट्राई करें.

अगर आपकी ड्रेस काफी सिम्पल है तो इसका स्टाइलिश लुक देने के लिए आप करलरफुल नेल पेंट ट्राई कर सकती हैं. आप चाहें तो शाइनर नेलपेंट से अपने नेल्स को बेहद खूबसूरत लुक दे सकती हैं. नेल आर्ट हमेशा से ही गर्ल्स की फेवरेट रही है. आप किसी अच्छे पार्लर से नेल आर्ट करवा सकती हैं. इसमें फ्लावर, नग, बीड्स, स्टोन और स्वारोस्की के काफी अच्छे स्टाइल मौजूद हैं. किसी खास फिंगर को स्पेशल लुक देने के लिए आप नेल पियर्सिंग भी करवा सकते हैं. इसमें नेल्स में छेद करके बाली या घुंघरू से सजाया जाता है, जिससे नाखून बेहद अट्रेक्टिव नजर आते हैं. थ्री डी नेल आर्ट से भी नेल्स को सजाया जा सकता है. पार्टी, शादी के लिए ये काफी पसंद की जाती है. आर्टिफिशियल लीफ, फ्लावर्स, पर्ल, स्टार्स से नेल्स को सजाकर ट्रेंडी लुक दिया जा सकता है.

टुकड़ों में नींद लेना पड़ सकता है भारी

खूब थके हों और झपकी आ जाए तो आप तरोताजा हो जाते हैं। लेकिन ऐसी दशा में पूरी नींद न लेना या लगातार टुकड़ों में सोना सेहत लिए अच्छा नहीं है। एक स्टडी की मानें तो बार-बार नींद टूटने से शरीर पर बुरा असर पड़ता है

वैसे लंबी और चैन की नींद सौभाग्यशाली लोगों को ही मिलती है, सभी के लिए एक बार में 7-9 घंटे सोना संभव नहीं है। नींद की कमी से कई सारी बीमारियां भी होने लगती हैं। जो लोग एक बार में भरपूर नींद नहीं ले पाते हैं या फिर देर रात तक जगने के बाद सोते हैं उनके मन में अक्सर ख्याल आता है कि क्यों न टुकड़ों में नींद पूरी की जाए।

ऐसे में अमेरिका की जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने अपनी स्टडी में दो तरह की नींद का अध्ययन किया। बिना व्यवधान की लंबी नींद और दूसरी कम समय के लिए टुकड़ों में ली जाने वाली नींद। इस स्टडी में 62 सेहतमंद पुरुषों को शामिल किया गया और एक लैबरेटरी में रखा गया। इनमें कुछ लोगों को बार-बार जगाया गया।

शोध का परिणाम

वैज्ञानिकों ने इस शोध में पाया कि पहली रात के बाद दोनों ही समूह के प्रतिभागियों को थकान थी। बाद की रातों में टुकड़ों में सोने वाले समूह की अपेक्षा देर रात के बाद शांति से सोने वाले समूह के लोगों का मूड 30 प्रतिशत बेहतर था। यह भी पता चला कि टुकड़ों में सोने वाले लोग अगले दिन ज्यादा थके और सुस्त नजर आए

दिन में सोना खतरनाक

स्लीप जर्नल में पब्लिश हुए एक दूसरे शोध की मानें तो जो लोग दिन में 6 घंटे की नींद लेते हैं, उन्हें रात में सात घंटे रोज नींद लेने वालों की अपेक्षा बीमारी का खतरा चार गुना ज्यादा रहता है।

याद्दाश्त कमजोर होना

कम नींद लेने का प्रभाव दिमाग पर पड़ता है और दिमाग सही तरीके से काम नहीं करता। इसकी वजह से पढ़ने, सीखने व निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो जाती है।

भूख ज्यादा लगना

टुकड़ों में नींद लेने से मेटाबॉलिज्म कमजोर हो जाता है। कम नींद लेने के कारण हॉर्मोन में असंतुलन भी होता है जिससे कारण ज्यादा भूख लगती है। इसके कारण ही अच्छी नींद न लेने वाले लोगों को पेट भरने का आभास देर से होता है। इसलिए टुकड़ों में नींद लेने के बजाय एक साथ लंबी नींद लीजिए।

कभी सोचा है आशीर्वाद के लिए पैर ही क्यों छूते हैं?

हममें से सभी ने कई-कई बार अपने बड़े-बुजुर्गों के पैरे छूए हैं। आशीर्वाद लेने के लिए जब भी कोई झुकता है, सामने वाले के पैर ही स्पर्श करता है। क्या आपने कभी सोचा है कि आशीर्वाद के लिए ऐसा ही क्यों किया जाता है?

आशीर्वाद लेने के लिए पैर छूने का वैज्ञानिक कारण है। दरअसल, हमारे शरीर में ओपन एनर्जी के तीन सेंटर्स हैं, माथा, हाथ और पैर। पैरों में ओपन नाडी होती है, जहां से ऊर्जा निकती है। आशीर्वाद लेते समय हम अपने हाथ से सामने वाले के पैर छूते हैं। यानी हमारी एनर्जी के एक सेंटर का दूसरे की एनर्जी के सेंटर से संपर्क हो रहा है।

इसके बदले में सामने वाला हमारे माथे पर अपने हाथ रखता है। इस तरह से एक एनर्जी सक्रिट पूरा होता है और सही मायनों में पैर छूने वाले की जिंदगी में सकारात्मक ऊर्जा आती है।

जो लोग अपने माता-पिता या उम्र में बड़े लोगों को सम्मान नहीं करते हैं, उनके पैर नहीं छूते हैं, उनमें साकारात्मक ऊर्जा की कमी होती है। इसका बड़ा खामियाजा उन्हें अपनी जिंदगी में भुगतना पड़ता है।

लोगों को शिक्षा दी जाती है कि वे रोज कम-से-कम एक बार अपने माता-पिता के चरण स्पर्श करें। इसके पीछे एक तर्क यह भी है कि भगवान ने हमें इस दुनिया में हमारे माता-पिता के माध्यम से भेजा है। इसलिए हमें जो कोई दिव्य शक्ति हासिल होना है, तो वो माता-पिता के जरिए ही होगी और चरण स्पर्श करना इसका एक तरीका है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136)